कार्तिक कृष्ण - 1 · संवत 2081 · वर्ष - 12 · अंक - 85 · पृष्ठ - 8 · रु. 5/- · चेन्नई » शुक्रवार » 18-10-2024 · www.dakshinbharat.com · Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित

5 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित शर्मा

6 अरब में पाकिस्तानियों को नो-एंट्री

7 रकुल प्रीत सिंह ने खराब तबीयत के बावजूद काम के लिए अपना समर्पण दिखलाया

## फर्स्ट टेक

### रेलवे ने अग्रिम ट्रेन आरक्षण की समय सीमा घटाकर 60 दिन की

**नई दिल्ली/भाषा।** रेलवे बोर्ड ने सीटों की अग्रिम आरक्षण अवधि को मौजूदा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया है। नई व्यवस्था एक नवंबर, 2024 से प्रभावी होगी। रेलवे बोर्ड के 16 अक्टूबर, 2024 के परिपत्र में कहा गया है, यह निर्णय लिया गया है कि एक नवंबर 2024 से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तारीख को छोड़कर) कर दी जाएगी। इसमें कहा गया है कि 120 दिनों की एआरपी (अग्रिम आरक्षण अवधि) के तहत 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग यथावत रहेंगी। परिपत्र में एआरपी में कटौती का कोई कारण नहीं बताया गया।

### 'भगवान शंकर' का अपमान करने के लिए कांग्रेस विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**श्योपुर/भाषा।** मध्यप्रदेश के श्योपुर से कांग्रेस विधायक बाबू जंडेल के खिलाफ शुक्रवार को हिंदू धर्म का कथित रूप से अपमान करने का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि एक दक्षिणपंथी संगठन की शिकायत पर कांग्रेस विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि घटना से जुड़ा एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें जंडेल भगवान शंकर के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए सुनाई दे रहे हैं। पुलिस के अनुविभागीय अधिकारी राजीव कुमार दुबे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि विधायक पर समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने, लोक सेवक द्वारा दिए गए आदेशों की अवज्ञा करने, धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करने के इरादे से दुर्भावनापूर्ण कार्य करने और शब्दों के माध्यम से जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया।

### ईडी ने धन शोधन मामले में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से पूछताछ की

**गुवाहाटी/भाषा।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 'एचपीजेड टोकन' मोबाइल ऐप से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां बृहस्पतिवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये, 'बिटकॉइन' और कुछ अन्य 'क्रिप्टोकरेंसी' के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि भाटिया (34) का बयान यहां एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया।

सूर्यास्त 18-10-2024 5:48 बजे | सूर्योदय 19-10-2024 5:59 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,006.61 | 24,749.85 |
| (-494.75) | (-221.45) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,953 रु. | 101,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

#### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**ये जो पब्लिक है**

अब आत्म मुग्धता प्रवंचना का,
कैसा है यह अजब दौर।
खुद को सब समझे साहुकार,
दूजों को कहते चोर-चोर।
वादे इनके तो हैं सपने,
उनकी बातें हैं सिर्फ शोर।
सच तो होता सूरज जैसा,
जनता करती है सदा गौर।।

प्रधान न्यायाधीश ने आयुर्वेद को आवश्यक करार देते हुए कहा

## 'मैं आयुर्वेद और एक समग्र जीवनशैली का प्रबल समर्थक'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने समग्र जीवनशैली के लिए आयुर्वेद को आवश्यक करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि आयुर्वेद से उनका जुड़ाव उस समय शुरू हुआ जब वैश्विक महामारी के दौरान उन्हें कोविड हुआ और ठीक होने के लिए उन्होंने पूरी तरह से पारंपरिक चिकित्सा पद्धति और समग्र दृष्टिकोण पर भरोसा किया।



चंद्रचूड़ ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) द्वारा आयोजित समग्र आयुर्वेद के लिए अनुसंधान और वैश्विक अवसरों में प्रगति पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के दौरान जब उन्हें कोविड हुआ तब उन्होंने एलोपैथिक दवाओं का सेवन बिल्कुल नहीं किया। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा, मैं आयुर्वेद और समग्र जीवनशैली का प्रबल समर्थक हूं। आयुष से मेरा जुड़ाव कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान शुरू हुआ। यह वह समय था जब निवारक स्वास्थ्य सेवा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया था। चंद्रचूड़ ने कहा, महामारी की दूसरी और तीसरी लहर के दौरान जब मैं कोविड-19 से संक्रमित हुआ तो मैंने कोई एलोपैथिक दवा नहीं ली। इसके बजाय मैंने पूरी तरह से आयुर्वेदिक उपचार और समग्र दृष्टिकोण पर भरोसा किया, जिससे इसकी उपचार क्षमता में मेरा विश्वास और मजबूत हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विश्व से आह्वान

## बुद्ध से सीखिए, युद्ध को दूर कीजिए और शांति का मार्ग प्रशस्त कीजिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया के कई क्षेत्रों में जारी युद्ध के बीच बृहस्पतिवार को भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को अपरिहार्य बताया और दुनिया से युद्ध छोड़कर शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए उनसे सीख लेने का आह्वान किया। उन्होंने भारत की बुद्ध में आस्था को पूरी मानवता की सेवा का मार्ग भी करार दिया और कहा कि दुश्मनी से दुश्मनी कभी खत्म नहीं होती बल्कि यह मानवीय उदारता से खत्म होती है।



प्रधानमंत्री राजधानी स्थित विज्ञान भवन में अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम और पाली को शास्त्रीय भाषा के तौर पर मान्यता देने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने को भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान बताया और आजादी के बाद भारत की सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों पर निशाना भी साधा।

मोदी ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फलस्तीन और कुछ अन्य देशों के बीच जारी युद्ध की ओर इशारा करते हुए कहा कि 21वीं सदी में विश्व की भू-राजनीतिक परिस्थितियों के चलते दुनिया कई अस्थिरताओं और आशंकाओं से घिरी हुई है। उन्होंने कहा, ''ऐसे में बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि अपरिहार्य भी बन चुके हैं।''

## भारत उन देशों की भी मदद करता है जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था : भागवत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सूरत/भाषा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा निर्धारित किये गये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था लेकिन उस समय की सरकार ने सेना को हमला करने के लिए सीमा पार न करने का निर्देश दिया था।



भागवत यहां जैन समुदाय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्मण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा, ''अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे।'' भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर 'सर्जिकल स्ट्राइक' और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये। संघ प्रमुख ने कहा, ''जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे।''



## असम के दीमा हसाओ में अगरतला-लोकमान्य टर्मिनल एक्सप्रेस के आठ डिब्बे पटरी से उतरे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/दिल्ली/भाषा।** असम के दीमा हसाओ जिले के डिबालोंग स्टेशन पर अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस के आठ डिब्बे पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने या गंभीर रूप से घायल होने की कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि अपराह्न तीन बजकर 55 मिनट पर हुए इस हादसे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

पटरी से उतरे डिब्बों में ट्रेन का 'पावर कार' (जनरेटर वाला हिस्सा) और इंजन शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि बचाव और बहाली कार्य की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लुमडिंग से दुर्घटना राहत चिकित्सा ट्रेन पहले ही घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी है। उन्होंने बताया कि लुमडिंग-बदरपुर एकल लाइन पहाड़ी खंड पर ट्रेनों का परिचालन स्थगित कर दिया गया है।

## न्यायालय ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार रखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को बहुमत का फैसले सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की उस धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा जो एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।



प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है।

असम समझौते के अंतर्गत आने वाले लोगों की नागरिकता के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी।

प्रधान न्यायाधीश ने अपना फैसला लिखते हुए धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा और कहा कि असम की भूमि के छोटे आकार और विदेशियों की पहचान कर पाने की लंबी प्रक्रिया के मद्देनजर इस राज्य में प्रवासियों के आने की दर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने अपनी और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से फैसला लिखते हुए प्रधान न्यायाधीश से सहमति जताई और कहा कि संसद के पास इस प्रावधान को लागू करने की विधायी क्षमता है। उच्चतम न्यायालय के बहुमत के फैसले में कहा गया कि असम में प्रवेश और नागरिकता प्रदान करने के लिए 25 मार्च, 1971 तक की समय सीमा सही है। उच्चतम न्यायालय ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए के संबंध में कहा कि किसी राज्य में विभिन्न जातीय समूहों की उपस्थिति का मतलब अनुच्छेद 29(1) का उल्लंघन कदापि नहीं है।

## सैनी दूसरी बार बने हरियाणा के मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के नेता नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को पंचकूला में आयोजित एक समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता और राज्यभर से हजारों लोग शामिल हुए।





हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यहां दशहरा मैदान में सैनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सैनी दूसरी बार मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने हिंदी में शपथ ग्रहण की।

शपथ ग्रहण करने के बाद सैनी ने उन्हें जनादेश देने के लिए हरियाणा के लोगों को धन्यवाद दिया और कहा कि वह सुशासन, समानता और गरीबों के कल्याण के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आज का दिन चुना जाना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि आज वाल्मीकि जयंती है। ऋषि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं।

अंबाला छावनी से विधायक और पार्टी के वरिष्ठतम नेता अनिल विज, इसराना से विधायक कृष्ण लाल पंवार, बादशाहपुर से विधायक एवं अहीर नेता राव नरबीर सिंह, पानीपत ग्रामीण से विधायक एवं जाट नेता महिपाल ढांडा, फरीदाबाद से विधायक विपुल गोयल, गोहाना से विधायक अरविंद शर्मा, रादौर से विधायक श्याम सिंह राणा, बरवाला से विधायक रणबीर गंगवा और नरवाना से विधायक कुमार बेदी ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

## हमास का शीर्ष नेता याह्या सिनवार मारा गया

### सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)/एपी।** इजराइल की सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि गाजा में उसके सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है।

सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई। सिनवार इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था, और उसकी हत्या से आतंकवादी समूह को एक बड़ा झटका लगा है। हमास की ओर से सिनवार की मौत की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं की गई।



इजराइल की सेना ने डीएनए और अन्य जांच के बाद सिनवार की मौत की पुष्टि की। सेना ने बताया कि सिनवार का शव बुधवार को गाजा में सैन्य अभियान के दौरान मारे गए तीन आतंकवादियों में शामिल था।

इजराइल के विदेश मंत्री कैट्ज ने सिनवार के मारे जाने को ''इजराइली सेना के लिए एक सैन्य और नैतिक उपलब्धि'' बताया। उन्होंने एक बयान में कहा, ''सिनवार की हत्या से बंधकों को तुरंत रिहा कराए जाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

- **इजराइल की सेना ने डीएनए और अन्य जांच के बाद सिनवार की मौत की पुष्टि की।**

सिनवार सात अक्टूबर, 2023 को इजराइल पर हमास के हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था और इजराइल ने गाजा में अपने जवाबी अभियान की शुरुआत से ही उसे खत्म करने का संकल्प ले रखा था। पूरे युद्ध के दौरान, सिनवार सार्वजनिक रूप से कभी सामने नहीं आया।

सिनवार वर्षों से गाजा पट्टी के अंदर हमास का शीर्ष नेता रहा, जो इसकी सैन्य शाखा का गठन करते हुए इससे निकटता से जुड़ा हुआ था। इजराइल के अधिकारी ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सिनवार किसी योजनाबद्ध लक्षित हवाई हमले में नहीं, बल्कि जमीनी लड़ाई में मारा गया।

### अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों पर किया हमला

**दुबई/एपी।** अमेरिका के लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले 'बी-2' बमवर्षक से यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार तड़के इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए 'बी-2 स्पिरिट' का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है। 'बी-2 स्पिरिट' ऐसा बमवर्षक है जिसमें दुश्मन की नजर में आए बिना हमला करने की क्षमता है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों के विरोध में हूती विद्रोही लाल सागर में कई महीनों से पोतों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों के 'अल-मसीरा' समाचार चैनल ने बताया कि यमन की राजधानी सना के आसपास हवाई हमले हुए हैं। साल 2014 से हूती विद्रोहियों ने सना पर कब्जा कर रखा है।



## बहराइच हिंसा : पुलिस से मुठभेड़ में पांच आरोपी गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**बहराइच (उप्र)/भाषा।** बहराइच जिले के महाराजगंज इलाके में 13 अक्टूबर को हुई साम्प्रदायिक हिंसा के पांच आरोपियों को पुलिस ने बृहस्पतिवार दोपहर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में दो आरोपी घायल भी हुए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ भारतह्नेपाल सीमावर्ती नानपारा कोतवाली क्षेत्र में सरयू मुख्य नहर के निकट हाड़ा बसेहरी में हुई।

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज में एक युवक की गोली मार कर हत्या के मामले में आज बहराइच पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों के नाम मोहम्मद फ़हीम, मोहम्मद तालिब उर्फ सबलू, मोहम्मद सरफराज, अब्दुल हमीद और मोहम्मद अफजाल हैं।

# कांग्रेस अध्यक्ष के कथित फेसबुक पेज को लेकर विवाद, भाजपा ने विदेशी प्रभाव का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


Page information for Mallikarjun Kharge
Mallikarjun Kharge
Politician
History
Created - Mallikarjun Kharge
March 6, 2014
People who manage this Page
Primary country/region location for people who manage this Page includes:
Norway (1)
Ads from this Page

**बेंगलूरु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम से सत्यापित फेसबुक पेज का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि उनके सोशल मीडिया का संचालन विदेश में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। खरगे के पुत्र एवं कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने इस आरोप को खारिज किया है।

भाजपा की कर्नाटक इकाई ने 'एक्स' पर लिखा, वक़्फ जमीन हड़पने के मामले में सुर्खियों में आए मल्लिकार्जुन खरगे के सोशल मीडिया का संचालन अब विदेश में बैठे लोगों द्वारा किया जा रहा है। हम कांग्रेस की विभाजनकारी जाति-आधारित राजनीति के पीछे छिपे विदेशी प्रभाव के बारे में आगाह कर रहे हैं और यह इस बात की पुष्टि ही करता है। क्यों खरगे जी। इसने पोस्ट में मल्लिकार्जुन खरगे के नाम वाले फेसबुक पेज से पेज की ''जानकारी'' का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए पूछा, ''अपने लोगों के बजाय विदेशी लोगों पर भरोसा क्यों? भारत ने आपको इतना कुछ दिया है, फिर यह विश्वासघात क्यों?'' इस बीच खरगे के बेटे एवं कर्नाटक के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी/बीटी मंत्री प्रियंक खरगे ने कहा कि यह पेज ''फर्जी'' है और उन्होंने फेसबुक से इसे हटाने का अनुरोध किया है। भाजपा की पोस्ट को लेकर पलटवार करते हुए प्रियंक खरगे ने कहा कि भारत के इतिहास में सबसे प्रभावशाली ''गृह मंत्री'' (अमित शाह का जिक्र करते हुए) होने का दावा करने के बावजूद, भाजपा यह निर्धारित नहीं कर सकती है कि विपक्षी नेता का अकाउंट असली है या नहीं। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के अथक प्रयासों की सराहना करता हूं। मात्र दो रुपये के लिए, उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के खिलाफ सोशल मीडिया पर दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाया है। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के एक्स' अकाउंट और व्हाट्सएप चैनल के लिंक साझा करते हुए कहा, स्पष्टता के लिए बता दूं कि खरगे के केवल दो आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट हैं।

प्रियंक खरगे ने कहा कि राष्ट्रीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, भाजपा एक बंद पड़े फेसबुक पेज की जांच करने में लगी हुई है, जो 2020 से सक्रिय नहीं है और जो एक अज्ञात ईमेल से जुड़ा है। उन्होंने कहा, चूंकि हमें नहीं पता कि इसके पीछे कौन है, इसलिए हमने आधिकारिक तौर पर फेसबुक से इसे हटाने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, एक फेसबुक 'ब्लू टिक' तो आसानी से एक पेड सब्सक्रिप्शन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।



## सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम करेगी हरियाणा सरकार : मुख्यमंत्री सैनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ लेने के बाद नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को कहा कि समानता, सुशासन और गरीब कल्याण उनकी सरकार के एजेंडे में सबसे ऊपर रहेंगे।

सैनी ने पंचकूला में आयोजित एक समारोह में शपथ ग्रहण की। इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी के अनेक नेताओं और राजग के अनेक नेताओं ने भाग लिया।

सैनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले तो, हरियाणा के निरंतर विकास के लिए दिए गए जनादेश के लिए मेरे 2.80 करोड़ परिवारजनों का हृदय से आभार।'' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'प्रेरणादायी नेतृत्व' के लिए आभार व्यक्त किया।

सैनी ने कहा, ''पूर्ण बहुमत के साथ तीसरी बार आई भाजपा सरकार सुशासन, समानता और गरीब कल्याण के लिए पूरी ऊर्जा के साथ काम करेगी।''

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सैनी को यहां दशहरा मैदान में आयोजित समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सैनी दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। उनके साथ 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली।

## विकासशील देशों की जरूरतों को वास्तव में पूरा करने वाला जलवायु वित्त लक्ष्य हो : स्टील

**नई दिल्ली/भाषा।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन कार्यकारी सचिव साइमन स्टील ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले महीने बाकू में होने वाले जलवायु सम्मेलन में सदस्य देशों को अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त के लिए एक नये लक्ष्य पर सहमति बनानी चाहिए, जो सही मायने में विकासशील देशों की जरूरतों को पूरा करे तथा जिसका मूल आधार सार्वजनिक वित्त हो।

स्टील ने कहा कि सीओपी (संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन)29 को ''मुस्तैदी से काम करने वाला'' सीओपी होना चाहिए क्योंकि जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभावों से वैश्विक अर्थव्यवस्था और अरबों लोगों के जीवन एवं आजीविका को बचाने के लिए जलवायु वित्त महत्वपूर्ण है।

ब्रूकिंग्स इंस्टीट्यूशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, स्टील ने कहा, ''(अजरबैजान की राजधानी) बाकू में सीओपी29 में, सभी सरकारों को अंतरराष्ट्रीय जलवायु वित्त के लिए एक नये लक्ष्य पर सहमत होना चाहिए जो वास्तव में विकासशील देशों की जरूरतों को पूरा करता हो... यह अनुमान लगाना मेरा काम नहीं है कि नया लक्ष्य कैसा होगा।



## वैवाहिक दुष्कर्म मामले में पति को छूट देने वाले कानूनों की संवैधानिक वैधता पर फैसला करेंगे: न्यायालय

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के उन दंडनीय प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी जो बलात्कार के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करता है, यदि वह अपनी पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है।

प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की इस दलील पर याचिकाकर्ताओं की राय जाननी चाही कि इस तरह के कृत्यों को दंडनीय बनाने से वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा तथा विवाह की संस्था भी प्रभावित होगी। एक याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने दलीलें शुरू कीं और वैवाहिक दुष्कर्म पर आईपीसी तथा बीएनएस के प्रावधानों का जिक्र किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''यह एक संवैधानिक प्रश्न है। हमारे सामने दो निर्णय हैं और हमें फैसला लेना है। मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है।''

## मंत्री की पत्नी पर टिप्पणी को लेकर अदालत ने भाजपा विधायक के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु की एक अदालत ने कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव की पत्नी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर दर्ज मामले में पेश नहीं होने पर भाजपा विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह मामला तबस्सुम राव पर यतनाल की कथित टिप्पणी से उत्पन्न हुआ है, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि दिनेश गुंडू राव के परिवार में आधा पाकिस्तान है। इसके बाद तबस्सुम राव ने यतनाल के खिलाफ याचिका दायर की और कर्नाटक राज्य महिला आयोग में भाजपा के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। तबस्सुम राव ने राजनीति में नहीं होने के बावजूद सियासी विवादों में उन्हें निशाना बनाए जाने पर अपनी निराशा व्यक्त की।

## इन्फोसिस का सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 4.7 प्रतिशत बढ़कर 6,506 करोड़ रुपये पर

**बेंगलूरु/नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.7% बढ़कर 6,506 करोड़ रु. रहा है। कंपनी ने व्यापक वृद्धि के बाद आमदनी लक्ष्य बढ़ा दिया है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 6,212 करोड़ रुपये रहा था। तिमाही आधार पर कंपनी के शुद्ध लाभ में 2.2% की वृद्धि हुई है। इन्फोसिस लि. ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी आमदनी 4.2 प्रतिशत बढ़कर 40,986 करोड़ रुपये हो गई।

## तेलंगाना में जंगली जानवरों को ले जा रहा ट्रक पलटा, दो मगरमच्छ सुरक्षित

**हैदराबाद/भाषा।** पटना के संजय गांधी जैविक उद्यान से जंगली जानवरों को बेंगलूरु के बन्नेरघट्टा राष्ट्रीय उद्यान ले जा रहा एक ट्रक तेलंगाना के निर्मल जिले में पलट गया, जिसके बाद दो मगरमच्छ थोड़ी देर के लिए भाग निकले लेकिन वन कर्मियों की मदद से उन्हें तुरंत पकड़ लिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना बुधवार रात करीब एक बजे निर्मल के मोंडिगुट्टा वन चौकी के पास घटी। इस दौरान चालक कथित तौर पर वाहन को तेजी व लापरवाही से चला रहा था जिससे वाहन राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सीमेंट के खंभों से टकराकर पलट गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आठ मगरमच्छ और एक सफेद बाघ सहित अन्य जंगली जानवरों को ट्रक से पटना से बेंगलूरु ले जाया जा रहा था और घटना के बाद सभी को सुरक्षित बचा लिया गया। निर्मल जिले की पुलिस अधीक्षक जी जानकी शर्मिला ने कहा, घटना के बाद आठ में से दो मगरमच्छ वाहन से बाहर आ गए। पुलिस ने वन कर्मियों की मदद से दो मगरमच्छों को पकड़ लिया और उन्हें सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि जंगली जानवरों को ले जाने के लिए एक अन्य वाहन की व्यवस्था की गई है।

## भारत की लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के नौ प्रतिशत पर आ जाएगी : गडकरी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की 'लॉजिस्टिक' लागत अगले दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नौ प्रतिशत तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, दो साल के भीतर हम अपनी लॉजिस्टिक लागत घटाकर नौ प्रतिशत तक करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14 प्रतिशत है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत करीब 12 प्रतिशत है।

मंत्री ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत लगभग आठ प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.8 प्रतिशत से 8.9 प्रतिशत के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह सकल घरेलू उत्पाद का 14-18 प्रतिशत है, जो वैश्विक मानक करीब आठ प्रतिशत से काफी अधिक है।

गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है।



## वाल्मीकि जयंती पर खरगे और राहुल ने वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को वाल्मीकि जयंती के अवसर पर यहां वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की। महर्षि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं।

वाल्मीकि मंदिर में दर्शन के बाद खरगे ने संवाददाताओं से कहा, ''वाल्मीकि जयंती पर मैंने यहां पर भगवान वाल्मीकि के दर्शन किये। मैं समस्त वाल्मीकि समाज को शुभकामनाएं देता हूं । देश में वाल्मीकि समाज आर्थिक और शिक्षा की दृष्टि से बहुत कमजोर है। इस समाज को अगर ऊपर आना है, तो हम सब लोगों को उनकी शिक्षा की तरफ ध्यान देना जरूरी है।'' उन्होंने कहा, ''जब हम लोग शिक्षा की तरफ ध्यान देंगे, समाज में सामाजिक न्याय भी मिलेगा और सभी लोग आगे बढ़ेंगे।''

राहुल गांधी ने वाल्मीकि मंदिर की अपनी कई तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं और लिखा, ''महाकाव्य रामायण के रचनाकार, आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर आप सभी को शुभकामनाएं। आज सुबह इस सुअवसर पर दिल्ली में वाल्मीकि मंदिर में दर्शन किए। इस परिसर में महात्मा गांधी जी ने वाल्मीकि समाज के साथ काफी वक्त बिताया था, बापू निवास में कुछ समय रुककर प्रेरणा प्राप्त की।''

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''मानवता को प्रेम और करुणा युक्त सत्य, न्याय और समरसता का मार्ग दिखाने वाले महान तपस्वी महर्षि वाल्मीकि जी को शत् शत् नमन।''

वाल्मीकि मंदिर में पूजा करने के बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने '10 जनपथ' पर वाल्मीकि समाज के कई प्रतिनिधियों से मुलाकात की। '10 जनपथ' कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी का आधिकारिक आवास है और राहुल गांधी भी वहां रहते हैं।

## उपभोक्ता मामलों की सचिव ने कहा, जल्द नीचे आएंगे टमाटर के दाम



**नई दिल्ली/भाषा।** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बृहस्पतिवार को कहा कि आने वाले दिनों में महाराष्ट्र से आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद है, जिससे टमाटर की बढ़ती कीमतों से दिल्ली-एनसीआर के लोगों को राहत मिल सकती है। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर इस समय 100 रुपए किलो के पार चला गया है।

खरे ने कहा कि सरकार राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में 65 रुपए प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचना जारी रखेगी। टमाटर कीमतों में उछाल इसलिए आया है क्योंकि मानसून की वापसी के कारण फसल को नुकसान हुआ और कीटों का संक्रमण होने से प्रमुख दक्षिणी राज्य- कर्नाटक और आंध्र प्रदेश से आपूर्ति बाधित हुई है। आपूर्ति की इस कमी और त्योहारी सत्र की मांग ने कीमतों को बढ़ा दिया है। खरे ने कहा, ''हालांकि साप्ताहिक आवक प्रभावित हुई है, हमें उम्मीद है कि महाराष्ट्र से आपूर्ति में जल्द ही सुधार होगा, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में कीमतों को स्थिर करने में मदद मिलेगी।'' सरकार कीमतों में उतार-चढ़ाव पर कड़ी निगरानी रख रही है। सात अक्टूबर से अब तक एनसीसीएफ ने दिल्ली और मुंबई में मोबाइल वैन और बिक्री केन्द्रों के माध्यम से सब्सिडी वाली दर पर लगभग 10,000 किलोग्राम टमाटर बेचा है।


## विप्रो का दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 21.2 प्रतिशत बढ़कर 3,208.8 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली/भाषा।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 21.2 प्रतिशत बढ़कर 3,208.8 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कंपनी का शुद्ध लाभ 2,646.3 करोड़ रुपए रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 0.95 प्रतिशत घटकर 22,301.6 करोड़ रुपए रही जो पिछले साल की समान तिमाही में 22,515.9 करोड़ रुपए थी।

विप्रो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक श्रीनि पल्लिया ने कहा कि दूसरी तिमाही में मजबूत क्रियान्वयन से मदद मिली, जिससे कंपनी राजस्व वृद्धि, बुकिंग तथा मुनाफे के मामले में अपनी उम्मीदों को पूरा करने में सक्षम हुई। कंपनी के निदेशक मंडल ने 1:1 में बोनस शेयर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। रिकॉर्ड तिथि तक कंपनी के पात्र शेयरधारकों को प्रत्येक पूर्ण-चुकता शेयर पर दो रुपए अंकित मूल्य वाला एक शेयर दिया जाएगा।

## उत्तराखंड मदरसा बोर्ड की वैकल्पिक तौर पर संस्कृत शिक्षा लागू करने की योजना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड मदरसा बोर्ड प्रदेश में 400 से अधिक मदरसों में वैकल्पिक तौर पर संस्कृत शिक्षा लागू करने की योजना बना रहा है।

उत्तराखंड मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई भाषा' को बताया, ''हम इस योजना पर पिछले कुछ समय से काम कर रहे हैं। इस बारे में एक प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है और अगर इसे राज्य सरकार की तरफ से हरी झंडी मिल गयी तो इसे लागू कर दिया जाएगा।'' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मदरसा जाने वाले बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़े जाने की इच्छा के अनुरूप ऐसा किया जा रहा है। कासमी ने कहा, ''प्रदेश के मदरसों में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) पाठ्यक्रम लागू करने से इस साल बहुत अच्छे परिणाम मिले हैं और पास होने वाले बच्चों का प्रतिशत 96 से अधिक रहा है। यह दिखाता है कि मदरसा जाने वाले बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। अगर उन्हें मौका मिले तो वे संस्कृत समेत अन्य विषयों में भी अग्रणी साबित हो सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि अरबी और संस्कृत दोनों ही प्राचीन भाषाएं हैं और अगर मदरसों के विद्यार्थियों को अरबी के साथ संस्कृत सीखने का भी विकल्प हो तो यह उनके लिए फायदेमंद होगा। बोर्ड के रजिस्ट्रार शाहिद शमी सिद्दीकी ने कहा कि मदरसों में संस्कृत शिक्षा अभी केवल एक विचार है जिसके लागू होने का इंतजार है।

## पिज्जा को बांटने को लेकर हुए विवाद में महिला को गोली मारी गई

**नई दिल्ली/भाषा।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पिज्जा बांटने को लेकर हुई बहस के बाद एक महिला को उसकी जेठानी के भाई ने गोली मार दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात हुई इस घटना के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मामला तब प्रकाश में आया जब जीटीबी अस्पताल से सीलमपुर पुलिस को सूचना मिली कि सादमा नाम की एक महिला को गोली लगने से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा, ''प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पीड़िता के पति का भाई जीशान बुधवार को पूरे परिवार के लिए पिज्जा लाया था। उसने अपने छोटे भाई जावेद की पत्नी सादमा सहित परिवार के सभी लोगों को पिज्जा दिया।'' अधिकारी ने बताया कि जीशान की पत्नी सादिया का सादमा से विवाद था और वह अपने पति द्वारा अपनी देवरानी के साथ पिज्जा साझा करने से नाराज थी, इसी बात पर तीनों के बीच झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया, ''रात में सादिया ने अपने चारों भाइयों – मुंताहिर, तफसीर, शहजाद और गुलरेज को वेलकम इलाके में अपने घर बुलाया। उसके भाइयों का उसके ससुराल वालों से झगड़ा हुआ। और इस दौरान मुंताहिर ने गोली चला दी, जो सादमा को जा लगी।''

## ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण भारत-कनाडा के बीच मौजूदा तनाव बढ़ा : विदेश मंत्रालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है, तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सार्वजनिक जांच के दौरान की गयी स्वीकारोक्ति से भारत के खिलाफ लगाए गए आरोपों का महत्व पता चलता है। संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था।

विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उसने जो सुना है, वह नई दिल्ली के इस दृढ़ रुख की पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा द्वारा



लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई सबूत पेश नहीं किया है।

जायसवाल ने दोहराया कि अभी तक कनाडा द्वारा कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, वर्तमान संकट (भारत-कनाडा संबंधों में) ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है।

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से कनाडा के पास लगभग एक दशक से 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं।

गौरतलब है कि सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद और गहरा गया है।

प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की 'संभावित' संलिप्तता के पिछले साल सितंबर में आरोप लगाए थे। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को 'बेतुका' बताते हुए खारिज किया था। इसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में तनाव आ गया। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## चीन की नीतियों के कारण 'तिब्बतन चिल्ड्रेन विलेजेस' में पिछले एक वर्ष में कोई नया छात्र नहीं आया

**धर्मशाला/शिमला (हिमाचल प्रदेश)/ भाषा।** चीन की सीमा पार आवागमन नीतियों के कारण इस वर्ष 'तिब्बतन चिल्ड्रेन विलेजेस' (टीसीवी) में कोई नया छात्र नहीं आया है। गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) के एक सदस्य ने यह जानकारी दी। 'तिब्बतन चिल्ड्रेन विलेजेस' या टीवीसी एक गैर-लाभकारी संगठन है जो तिब्बत के अनाथ, बेसहारा और शरणार्थी बच्चों को शिक्षा मुहैया कराता है। धर्मशाला स्थित इस एनजीओ की देखरेख में 6,000 से अधिक बच्चे हैं।

टीसीवी अध्यक्ष सोनम सिचोए ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''चीन बच्चों, बौद्ध भिक्षुओं, महिलाओं और यहां तक कि पर्यटकों को भी सीमा पार करने की अनुमति नहीं दे रहा। इस साल अब तक तिब्बत से एक भी छात्र यहां नहीं आया है, जबकि पिछले साल केवल छह छात्र आए थे।'' उन्होंने कहा कि चीन ने भारत आने के इच्छुक तिब्बतियों की आवाजाही पर 2008 से प्रतिबंध लगा दिया है और इसके परिणामस्वरूप छात्रों की संख्या में गिरावट आ रही है।

सिचोए ने कहा कि केंद्रीय तिब्बती प्रशासन को तिब्बतियों को भारत आने की अनुमति देने के लिए चीन पर दबाव डालना चाहिए।

# अन्नाद्रमुक ने अपनी स्थापना की 53वीं वर्षगांठ मनायी







दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु की मुख्य विपक्षी पार्टी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने बृहस्पतिवार को यहां अपनी स्थापना की 53वीं वर्षगांठ मनायी। अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने यहां पार्टी मुख्यालय में समारोह का नेतृत्व किया और पार्टी संस्थापक एम जी रामचंद्रन (1917-1987) और दिवंगत पार्टी प्रमुख 'अम्मा' जे जयललिता (1948-2016) की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। उन्होंने पार्टी का झंडा फहराया और पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को मिठाई बांटी। पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी की स्थापना के कारण ही तमिलनाडु ने विकास देखा और पार्टी ने 30 साल तक राज्य में शासन किया। पार्टी के नेतृत्व वाली सरकारों ने लोगों के सभी वर्गों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित कीं। पूरे राज्य और पड़ोसी पुडुचेरी में पार्टी पदाधिकारियों ने वर्षगांठ मनाई। एआईएडीएमके की स्थापना 17 अक्टूबर 1972 को प्रतिष्ठित नेता एम जी रामचंद्रन ने की थी। उन्होंने 1977 से 1987 के बीच तमिलनाडु में सत्ता की बागडोर संभाली थी। एआईएडीएमके की स्थापना करने से पहले एमजीआर लंबे समय तक द्रमुक के साथ थे। पार्टी नेता एम करुणानिधि से मतभेद के चलते उन्होंने द्रमुक छोड़ दी थी।

**भोजन** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के कोलाथुर में गुरुवार को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने जम्बुलिंगम मेन रोड स्थित कामरासर चरा में 600 स्वच्छता कर्मियों के साथ मुलाकात की उनसे बात के बाद उन्होंने भोजन परोसा और उनके साथ भोजन भी किया।

## अरुण कुमार नंबूदरी प्रसिद्ध सबरीमला मंदिर के नए 'मेलशांति' चुने गए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सबरीमला मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा का मौसम शुरू होने से कुछ सप्ताह पहले बृहस्पतिवार को एस. अरुण कुमार नंबूदरी को भगवान अयप्पा मंदिर के नए मेलशांति (मुख्य पुजारी) के रूप में चुना गया। कोझिकोड के वासुदेवन नम्बूदरी को भगवान अयप्पा मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर स्थित मलिकप्पुरम मंदिर का मेलशांति चुना गया है। यह चयन सबरीमला मंदिर में ऊषापूजा के बाद पारंपरिक ड्रॉ के माध्यम से किया गया, जिसे बुधवार को मासिक पूजा के लिए खोला गया था।

कोल्लम जिले के शक्तिकुलंगरा के रहने वाले अरुण कुमार नम्बूदरी का चयन सुबह मंदिर परिसर 'सन्निधानम' में लॉटरी के जरिए किया गया। पंडालम राजपरिवार से आने वाले ऋषिकेश वर्मा ने लॉटरी के जरिए सबरीमला मेलशांति का चयन किया। इसी तरह, पंडालम राजपरिवार की वैष्णवी ने मलिकप्पुरम मेलशांति के लिए नाम की पर्ची निकाली। सबरीमला के लिए पुजारियों की प्रारंभिक सूची में 25 उम्मीदवार और मलिकप्पुरम के लिए 15 उम्मीदवार थे।

यह ड्रॉ तंत्रियों (मुख्य पुजारी) कंडाररू राजीवारू और कंडाररू ब्रह्मदथन के साथ-साथ देवस्व ओम बोर्ड के अध्यक्ष पी. एस. प्रशांत, बोर्ड के सदस्यों और अन्य शीर्ष अधिकारियों की उपस्थिति में निकाला गया।

## सीबीआई ने चीनी वीजा भ्रष्टाचार मामले में कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई/नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में एक बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी। चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके कथित करीबी सहयोगी एस। भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए कथित तौर पर रिश्वत दी गई थी।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी। मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं। सीबीआई ने 2022 में दर्ज अपनी प्राथमिकी में दो साल की जांच के बाद आरोप पत्र दायर किया है, जिसमें आरोप लगाया गया था कि पंजाब स्थित टीएसपीएल 1980 मेगावाट का ताप विद्युत संयंत्र स्थापित कर रही थी और यह काम चीनी कंपनी शेडोंग इलेक्ट्रिक पावर कंस्ट्रक्शन कॉर्प' (एसईपीसीओ) को सौंपा गया था। परियोजना के काम में अपने निर्धारित समय से विलंब हो रहा था और कंपनी पर कथित तौर पर जुर्माना लगने की आशंका थी।

सीबीआई ने 2022 में एक बयान में कहा था, विलंब के लिए दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए, मानसा की उक्त निजी कंपनी (टीएसपीएल) जिला मानसा (पंजाब) में अपनी परियोजना के लिए अधिक से अधिक चीनी व्यक्तियों और पेशेवरों को लाने की कोशिश कर रही थी और इसके लिए उसे गृह मंत्रालय द्वारा लगाई गई सीमा से अधिक परियोजना वीजा की आवश्यकता थी। सीबीआई की प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि टीएसपीएल के एक अधिकारी ने अपने ''करीबी सहयोगी'' भास्कररमन के माध्यम से कार्ति चिदंबरम से संपर्क किया था।

## इंडियन ओवरसीज बैंक का सितंबर तिमाही का मुनाफा 24 प्रतिशत बढ़कर 777 करोड़ रुपये पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 24 प्रतिशत बढ़कर 777 करोड़ रुपये रहा है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 625 करोड़ रुपये रहा था। आईओबी ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 8,484 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,935 करोड़ रुपये थी। बैंक की ब्याज आय सितंबर तिमाही में 6,851 करोड़ रुपये रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,821 करोड़ रुपये थी। सितंबर, 2024 के अंत तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर कुल ऋण पर 2.72% रहीं। एक साल पहले समान अवधि में यह आंकड़ा 4.74% था। इसी तरह, बैंक का शुद्ध एनपीए घटकर 0.47% रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के अंत में 0.68 प्रतिशत था। इससे खराब कर्ज के लिए प्रावधान घटकर 71 करोड़ रुपये रह गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 1,121 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17% से बढ़कर 17.45 प्रतिशत हो गया।

**वितरण** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोलाथुर में स्वच्छताकर्मियों के साथ आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों को चावल, रेन कोट, साड़ी, चादर (कंबल), रस्क, दूध पाउडर, डुरम दाल जैसी आवश्यक वस्तुएं वितरित करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन।

**निरीक्षण** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में गुरुवार को जल संसाधन विभाग की ओर से 44 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से रेडेरी को गहरा किए जा रहे कार्यों को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने देखा। उन्होंने रेडेरी के दक्षिणी भाग में परिधि दीवार के निर्माण और मैडाकिन के नवीनीकरण का निरीक्षण और निरीक्षण किया। कार्य के दौरान किनारों को ऊंचा किया और इसकी क्षमता 3.5 किमी तक बढ़ा दी। इस दौरान नगर प्रशासन मंत्री के.एन. नेहरू, हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती विभाग के मंत्री पीके सेकरबाबू, मेट्रोपॉलिटन चेन्नई कॉर्पोरेशन की मेयर आर प्रिया, संसद सदस्य डॉ. कलानिधि वीरासामी, गिरिराजन, विधान सभा सदस्य सुदर्शनम, महानगर चेन्नई निगम आयुक्त जे. कुमारगुरुपरन, ई.ए. पाडा और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी उपस्थित थे।

## पलक्कड़ उपचुनाव : बगावत का बिगुल फूंकने वाले डिजिटल मीडिया संयोजक सरीन कांग्रेस से निष्कासित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**तिरुवनंतपुर/पलक्कड़/भाषा।** केरल के पलक्कड़ विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन के फैसले को लेकर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ आवाज उठाने वाले कांग्रेस के डिजिटल मीडिया संयोजक डॉ पी सरीन को बृहस्पतिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने यह निर्णय उसी समय लिया जब सरीन ने पलक्कड़ में एक पत्रकार वार्ता में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के साथ मिलकर आगे काम करने की अपनी मंशा जाहिर की थी।

सरीन ने पत्रकारवार्ता करते समय विपक्ष के नेता वी। डी। सतीशन, वडकारा के सांसद शफी परमबिल और पलक्कड़ उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल ममकूटथिल सहित कांग्रेसी नेताओं पर आरोप लगा रहे थे। उसी समय केपीसीसी ने एक विज्ञप्ति जारी कर राज्य पार्टी प्रमुख के सुधाकरन द्वारा सरीन को पार्टी से निष्कासित करने के फैसले की घोषणा की। केपीसीसी ने कहा कि यह कार्रवाई सरीन की पार्टी विरोधी गंभीर गतिविधियों और अनुशासनहीनता के कारण की गई है। खबरों के अनुसार, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उन्हें पलक्कड़ से वामपंथी उम्मीदवार के तौर पर उतारने पर विचार कर सकती है। माकपा के जिला नेतृत्व ने कहा कि उम्मीदवार के बारे में फैसला पार्टी द्वारा ही किया जाएगा।

अपनी पत्रकारवार्ता के दौरान सरीन ने कहा, ''मैं इस चुनाव में वामपंथियों के लिए काम करूंगा, हालांकि यह कार्य उम्मीदवार के तौर पर नहीं होगा।'' सरीन ने सतीशन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति ''नरम रुख'' रखने का आरोप लगाया। सरीन ने कहा, ''सतीशन का रवैया ''मैं ही पार्टी हूं' वाला है।'' उन्होंने माकपा की प्रशंसा की और कहा कि वह पार्टी संरचना व्यवस्थित है और व्यक्ति की अपेक्षा पार्टी को प्राथमिकता दी जाती है। पलक्कड़ विधानसभा उपचुनाव के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ममकूटथिल को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद से पार्टी में असंतोष के स्वर उठने लगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा ममकूटथिल की उम्मीदवारी की घोषणा के बाद, सरीन ने बुधवार को खुले तौर पर निर्णय के प्रति असंतोष व्यक्त किया था।



## रंगासामी ने नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री के पद की शपथ लेने पर बधाई दी

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करने पर नायब सिंह सैनी को बृहस्पतिवार को बधाई दी। मुख्यमंत्री सैनी को भेजे गए पुडुचेरी से 'शुभकामनाएं' शीर्षक वाले अपने संदेश में रंगासामी ने कहा, यह खुशी की बात है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार सरकार बनाई है और आपने राज्य की नयी सरकार के जनता के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। पुडुचेरी में ऑल इंडिया एन.आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी)-भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री एन. रंगासामी ने सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री के पद पर शपथ लेने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह 'असीमित उपलब्धियां' हासिल करेंगे।

## कन्नूर के एडीएम को दी गई अश्रुपूर्ण विदाई, बेटियों ने किया अंतिम संस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com







**पथनमथिट्टा/भाषा।** केरल के पथनमथिट्टा जिला कलक्ट्रेट में मंत्रियों, वरिष्ठ नौकरशाहों और सहकर्मियों समेत सैकड़ों लोगों ने कन्नूर के पूर्व एडीएम नवीन बाबू को श्रद्धांजलि दी। उनका पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार की दोपहर उनकी बेटियों द्वारा उन्हें मुखाग्नि दिये जाने से पहले अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। बाबू को श्रद्धांजलि देते समय पथनमथिट्टा की पूर्व कलेक्टर दिव्या एस. अय्यर की आंखों में आंसू छलक आए और उन्होंने बाबू के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया। कहा जा रहा है कि कन्नूर जिला पंचायत की अध्यक्ष पी पी दिव्या ने बाबू के विदाई समारोह के दौरान उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, जिसके बाद उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

कन्नूर के पूर्व अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू की मौत के सिलसिले में जिला पंचायत अध्यक्ष पी पी दिव्या पर आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में बृहस्पतिवार को मामला दर्ज किया गया। 'कन्नूर टाउन' पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी में दिव्या पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज किया गया है। बीएनएस की धारा 108 के तहत यह अपराध गैर-जमानती है और इसके लिए 10 साल के कैद की सजा का प्रावधान है। शाम चार बजे बाबू का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दिव्या एस. अय्यर ने आंसू पोछते हुए पत्रकारों से कहा, ''हमने एक परिवार के रूप में साथ काम किया। मैं उन पर लगे आरोपों पर विश्वास नहीं कर सकती। उन्होंने निस्वार्थ भाव से काम किया। वह एक विनम्र व्यक्ति थे। मैं इसके बारे में और अधिक टिप्पणी नहीं कर सकती क्योंकि मैं एक सरकारी अधिकारी हूं। यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं इससे अधिक कुछ नहीं कह सकती।'' पथनमथिट्टा के एक अन्य पूर्व कलेक्टर, आईएएस अधिकारी पी बी नूह ने बाबू के साथ काम करने के अपने अनुभवों को याद किया। फेसबुक पर एक भावनात्मक पोस्ट में नूह ने बाबू को एक सज्जन व्यक्ति के रूप में याद किया, जो नौकरशाही की पाबंदियों के बिना लोगों के साथ बातचीत करते थे और बहुत कुशलता से काम करते थे। उन्होंने कहा कि बाबू जैसे अधिकारियों के काम के कारण 2018 की बाढ़ के दौरान संकट, सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश को लेकर विवाद और फिर कोविड-19 महामारी पर काबू पाया जा सका। नूह ने कहा, यह असहनीय है कि एक व्यक्ति जो हमेशा मुस्कुराता रहता था, जिसने कभी किसी चीज के बारे में शिकायत नहीं की और आसानी से किसी के भी साथ घुल मिल जाता था, आखिरकार इस तरह अलविदा कह रहा है। वह 30 साल से अधिक की सेवा के बाद बेहतर विदाई के हकदार थे। राज्य के राजस्व मंत्री के. राजन और स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने भी यहां कलक्ट्रेट में बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबू के पार्थिव शरीर को बाद में यहां मलयालापुझा स्थित उनके घर लाया गया। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर कलेक्ट्रेट से घर लाया गया तो उनकी पत्नी, बेटियां और परिवार के अन्य सदस्य बाहर आए और उनके पार्थिव शरीर के पास बैठकर कर रोने लगे। पड़ोसी, मित्र, रिश्तेदार, सहकर्मी और बाबू को जानने वाले अन्य लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे। बाबू को मंगलवार की सुबह अपने गृह जिले पथनमथिट्टा पहुंचकर यहां के एडीएम के रूप में कार्यभार संभालना था, हालांकि इससे पहले ही उनका शव उनके आवास में लटका हुआ मिला। एक दिन पहले उनके सहयोगियों ने विदाई समारोह आयोजित किया था, जिसमें जिला कलेक्टर अरुण के विजयन ने भाग लिया था। इस दौरान कथित तौर पर निमंत्रण के बिना समारोह में पहुंचीं दिव्या ने बाबू पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। दिव्या ने चेंगलाई में एक पेट्रोल पंप को मंजूरी देने में कई महीनों की देरी के लिए एडीएम की आलोचना की थी और कहा था कि उन्होंने स्थानांतरण के दो दिन बाद ही मंजूरी दे दी। उन्होंने संकेत दिया था कि वह अचानक दी गई इस मंजूरी के कारणों को जानती हैं। इस बीच, विधायक पी. वी. अनवर ने माकपा और वामपंथी सरकार पर बाबू को भ्रष्ट अधिकारी के रूप में चित्रित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया और कहा कि इसके पीछे मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के राजनीतिक सचिव पी शशि का हाथ है। बाबू की मौत के बाद राज्य में विवाद पैदा हो गया है। विपक्षी कांग्रेस ने सत्तारूढ़ माकपा की कन्नूर जिला पंचायत अध्यक्ष दिव्या के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग की है। भाजपा ने भी ऐसी ही मांग की है। राजस्व मंत्री राजन ने पहले कहा था कि बाबू के खिलाफ भ्रष्टाचार की कोई शिकायत नहीं है और उनकी मौत के मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। बाबू के परिवार ने उन्हें भ्रष्ट बताने के प्रयासों को खारिज कर दिया है और दावा किया है कि उनकी मौत के पीछे एक साजिश'' है जिसकी जांच होनी चाहिए।

**मुलाकात** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के कोलाथूर में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।




# कॉरपोरेट जगत राष्ट्र के सतत विकास के संवाहक बनें : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि कॉर्पोरेट जगत सामाजिक दायित्व समझते हुए राष्ट्र के सतत विकास के संवाहक बनें। उन्होंने कहा कि समाज से जितना लाभ लिया जाए, उसे नैतिक मूल्य रखते हुए सभी लौटाएं भी ताकि सामाजिक समरसता और संतुलन बना रहे। बागड़े गुरूवार को नई दिल्ली में आयोजित इण्डिया सीएसआर एण्ड ईएसजी समिट 2024' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047' का लक्ष्य देश को आर्थिक महाशक्ति ही नहीं बनाना है बल्कि राष्ट्र को सामाजिक रूप में भी सशक्त कर सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना है।

उन्होंने औद्योगिक संगठनों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के अंतर्गत कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के अंतर्गत समाज में सभी क्षेत्रों में विकास और अच्छी कार्यदिशाओं के साथ खुशहाली बढ़ाने की दिशा में कार्य किए जाने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने सीएसआर के तहत प्राकृतिक खेती में भी सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसानों को देशी बीज, रसायन रहित खेती के लिए प्रशिक्षण और कम पानी में अधिक पैदावार के लिए प्रशिक्षण दिए जाने पर भी सीएसआर के तहत कार्य हो।

इससे पहले राज्यपाल बागडे ने इंडिया सीएसआर आउटलुक रिपोर्ट 2024 का लोकार्पण और वहीं आयोजित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

## टीचरों के पहनावे पर शिक्षामंत्री ने दी सफाई

# शिक्षक अच्छे कपड़े पहनकर आएं ताकि बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा हों

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने एक बार फिर टीचरों के पहनावे को लेकर अपनी टिप्पणी पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल यह था कि शिक्षक अच्छे कपड़े पहनकर आएं ताकि बच्चों पर अच्छे संस्कार पड़ें। जोधपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दोहराया कि शिक्षक आदर्श बनकर अपने छात्रों के सामने प्रस्तुत हों। उनका यह बयान तब आया जब बुधवार को उन्होंने नीमकाथाना के एक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान टीचरों के पहनावे को लेकर टिप्पणी की थी।



दिलावर ने कहा कि कुछ शिक्षक ऐसे कपड़े पहनते हैं जो बच्चों के लिए अनुचित हो सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्कूल शिक्षा का मंदिर है और इस मंदिर में शिक्षकों को ऐसे कपड़े पहनने चाहिए जो बच्चों के लिए आदर्श हों। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों पर गलत प्रभाव न पड़े, इसके लिए शिक्षकों को खुद का ध्यान रखना चाहिए। शिक्षामंत्री ने स्कूल में टीचरों की देर से आने की भी आलोचना की और कहा कि कई बार टीचर लेट आते हैं और फिर झूठ बोलते हैं कि वे समय पर आए थे, जबकि बच्चे सबकुछ देखते हैं। इस तरह की आदतों से बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ता है। अपने विभाग के फैसलों को लेकर बार-बार यू-टर्न पर पूछे गए सवाल के जवाब में दिलावर ने कहा कि कुछ फैसलों में कमियां रह जाती हैं और उन कमियों को सुधारने के लिए अगर कोई फैसला वापस लिया जाता है, तो वह गलत नहीं है। उन्होंने इसे एक सही कदम बताया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर तीखा हमला बोलते हुए दिलावर ने आरोप लगाया कि उन्होंने प्रदेश को लूटकर खा लिया है और जनता के साथ अन्याय किया है।



# पुलिस ने हरियाणा नंबर की कार से 1.96 करोड़ रुपये कैश बरामद किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

दौसा। दौसा में पुलिस और फ्लाइंग स्क्वाड टीम (एफएसटी) ने विधानसभा उपचुनाव के चलते बड़ी कार्रवाई करते हुए एक हरियाणा नंबर की कार से एक करोड़ 96 लाख रुपये कैश बरामद किया है। यह कार्रवाई जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर भांडारेज मोड़ के पास चैक पोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान हुई। पुलिस ने कार सवार से जब इस कैश के बारे में जानकारी मांगी, तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए पुलिस चौकसी बरत रही है। इसी सिलसिले में जब हरियाणा नंबर की एक कार को रोका गया और तलाशी ली गई, तो उसमें से बड़ी मात्रा में कैश मिला। पूछताछ के दौरान कार सवार ने यह दावा किया कि कैश जयपुर में एक मकान की बिक्री से संबंधित है। इसके बाद पुलिस ने मामले की सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी। जयपुर से पहुंची इनकम टैक्स टीम ने मौके पर कैश की गिनती की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है ।



# दो दिवसीय फॉर्मेशन कमांडर सम्मेलन का आयोजन, विभिन्न मुद्दों के बारे में की चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरोही। सप्त शक्ति कमांड जयपुर में दो दिवसीय फॉर्मेशन कमांडर सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने की। जन संपर्क अधिकारी (रक्षा) जयपुर, राजस्थान के कर्नल अमिताभ शर्मा के अनुसार, इस दो दिवसीय सम्मेलन में फोर्स मल्टीप्लायर्स, साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देना, सैनिकों को सशक्त बनाना, उभरते खतरों से निपटना और संगठनात्मक लक्ष्यों के समन्वय में कमांड के विकास के लिए नई रणनीतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में साइबर क्राइम सबसे बड़ी चुनौती है, इससे निपटना एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किए जा रहे हैं। साइबर सुरक्षा के लिए अपनाई जा रही तकनीक और प्रक्रियाओं को तैयार करने के बारे में भी जानकारी दी गई।

सम्मेलन में आर्मी कमांडर ने कहा कि वर्तमान दौर में सेना को ऑपरेशनल और तकनीकी रूप से अत्याधुनिक बनाए रखने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रौद्योगिकी के विकास और निरंतर आत्म-मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया गया है।

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति गिरफ़्तार, बिजली के करंट से की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर के वैशाली उत्सव अपार्टमेंट में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जहां 13 अक्टूबर 2024 को एक युवती का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस जांच में पता चला कि यह कोई साधारण दुर्घटना नहीं थी, बल्कि युवती के पति द्वारा की गई एक गहरी साजिश थी। महिला के पति ने हेयर ड्रायर के तार काटकर उसे बिजली के करंट से मार डाला। इस नृशंस हत्या को उसने एक दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की सघन जांच से मामला खुलकर सामने आ गया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और 24 घंटे के भीतर इस जघन्य अपराध का पर्दाफाश किया। जयपुर पश्चिम के पुलिस उपायुक्त अमित कुमार ने बताया कि आरती के परिजनों ने रागी थाना बिंदायका में आकर सूचना दी कि उनकी बहन दो दिनों से फोन नहीं उठा रही है। आरती के पति सुनील कुमार से संपर्क किया गया तो उसने बताया कि वह अलवर काम के सिलसिले में गया हुआ है और आरती उसका भी फोन नहीं उठा रही।

आरती के परिवार ने अपार्टमेंट पहुंचकर दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पुलिस ने गंभीरता से मामले को लेते हुए परिवार के साथ फ्लैट में प्रवेश किया और देखा कि आरती बाथरूम में उलटी हालत में पड़ी हुई थी। कमरे से तेज बदबू आ रही थी और पास में एक तार नंगे हाथों में लिपटा हुआ था, जिससे करंट लगने का संकेत मिला। आरती को तुरंत एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज किया और जांच के लिए एक टीम गठित की। एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया और सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। इस बीच, पुलिस ने सुनील कुमार से पूछताछ शुरू की। पहले तो सुनील ने बताया कि वह सुबह अलवर काम के लिए निकल गया था और आरती ने उसे गेट तक छोड़ा था, लेकिन जब पुलिस ने उसे दबाव में लिया, तो उसने रोते हुए सच्चाई उगल दी।

सुनील कुमार ने स्वीकार किया कि उसने आरती से उम्र के अंतर और पैसों के लालच में शादी की थी, लेकिन जब उसे फायदा नहीं हुआ, तो उसने उससे छुटकारा पाने का प्लान बनाया। 12 अक्टूबर की रात दोनों के बीच झगड़ा हुआ, जिसमें आरती ने सुनील और उसके माता-पिता को गाली दी। गुस्से में आकर सुनील ने आरती को मारने की योजना बनाई। जब वह बाथरूम में गई, तो सुनील ने हेयर ड्रायर का तार तोड़कर उसे करंट लगने के लिए तैयार किया।

## कोटा में नीट-यूजी की तैयारी कर रहे उप्र के छात्र ने की आत्महत्या

कोटा/दक्षिण भारत। राजस्थान के कोटा में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा- स्नातक (नीट यूजी) की तैयारी कर रहे उत्तर प्रदेश के 20 वर्षीय छात्र ने अपने पीजी कमरे में बुधवार रात पंखे से लटक कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उसके कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है और छात्र के आत्महत्या करने का कारण भी पता नहीं चल पाया है। दादाबाड़ी थाने के निरीक्षक नरेश मीना ने बृहस्पतिवार को सुबह बताया कि बुधवार रात को जब युवक ने दरवाजा खटखटाने और परिवार के सदस्यों के बुलाने पर भी कोई जवाब नहीं दिया तो देखभालकर्ता ने पुलिस को फोन किया। दरवाजा तोड़ने पर युवक छत के पंखे से लटका हुआ मिला। मीना ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर निवासी आशुतोष चौरसिया के रूप में हुई है। वह अपने चचेरे भाई के साथ पिछले छह महीने से यहां नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उन्होंने बताया कि पता चला है कि युवक मानसिक बीमारी से पीड़ित था और उसका इलाज चल रहा था। इस साल कोटा में कोचिंग छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का यह 15वां मामला है, जबकि पिछले वर्ष ऐसे 26 मामले सामने आए थे।

## महिला ने दो लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया

जयपुर/दक्षिण भारत। जयपुर में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। महिला ने इस संबंध में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता का कहना है कि जयपुर में नौकरी दिलाने के बहाने से उसे एक होटल में बुलाया गया और वहां आरोपी रिंकू मीणा तथा विनोद ने उसे नशीला पेय पिलाकर कथित तौर पर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। रामनगरिया थाने के प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे होटल में नौकरी दिलाने का वादा किया था और आरोपियों ने पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बना लिया था। उन्होंने कि आरोपी पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल कर रहे थे जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक कृषक तक त्वरित गति से पहुंचाए : चौधरी

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी द्वारा गुरूवार को पंत कृषि भवन में कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभागों से भौतिक, वित्तीय प्रगति एवं किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली गई। चौधरी ने बताया कि किसानों को हर तरह से अधिकाधिक लाभ दिया जाये और राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक किसान तक पहुंचाया जाये। उन्होंने सभी अधिकारियों को आवंटित लक्ष्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिये। किसान आयोग अध्यक्ष ने फार्म पौण्ड के लक्ष्य, तारबंदी पर अनुदान बढ़ाने एवं पूर्वी राजस्थान में तारबंदी के साथ पत्थरों की दीवार बनाने की योजना बनाने, डीएपी एवं प्रमाणित बीजों की उपब्धता सुनिश्चित करने, प्राकृतिक खेती का क्षेत्र बढ़ाने एवं प्राकृतिक खेती को आम प्रचलन में लाने के लिए कहा।

चौधरी ने कहा कि 20 एचपी से बड़े ट्रेक्टर पर अनुदान प्रारंभ करने, गौशालाओं में नवाचार एवं साफ-सफाई एवं कम पानी में उगने वाले गेंहू के बीज का वितरण किसानों को करने के लिए कहा।

## सभापति के वायरल वीडियो के मामले में विधायक सहित तीन के खिलाफ परिवाद

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ के नगर परिषद सभापति के एक महिला के साथ कथित वायरल वीडियो के मामले में पीड़िता ने उसके निजी फोटो, वीडियो और आडियो वायरल करने में विधायक, नगर परिषद की संविदा कार्मिक सहित तीन लोगों के विरुद्ध सदर थाने में परिवाद दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता वीडियो वायरल होने का मामला लेकर बुधवार शाम सदर थाने पहुंची और विधायक चंद्रभान सिंह, नगर में परिषद में संविदा कार्मिक मोनिका जैन एवं एक अन्य के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया।

## भाजपा सरकार ने कांग्रेस को कोसने के अलावा कुछ नहीं किया, उपचुनाव में सभी सीटें जीतेगी कांग्रेस : डोटासरा

जयपुर। पीसीसी चीफ गोविन्द डोटासरा ने विधानसभा उपचुनाव में सभी 7 सीटों पर जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा के सर्कस और यू टर्न से जनता दुखी हो चुकी है। उपचुनाव में जनता इनको सबक सिखा देगी। पीसीसी में मीडिया से बात करते हुए कहा कि भजनलाल सरकार सर्कस दिखाना बंद करके गुड गवर्नेंस करके दिखाए। पिछले 10-11 महीने में पिछली कांग्रेस सरकार को कोसने के अलावा इन्होंने कुछ नहीं किया। किसी भी मंत्री ने या मुख्यमंत्री ने कोई एक नाम काम करके बताया हो, तो जनता को बताएं।

हमारे समय की योजनाओं को बंद करके खुद के कार्यों पर यू टर्न ले रहे हैं। इनके एक मंत्री अपना इस्तीफा दे चुके हैं और भाजपा कहती है वो मंत्री हैं। एक महिला एसपी की लोकेशन उनका अधीनस्थ स्टाफ ही ट्रेस करता है और सीएम कोई कार्रवाई नहीं करते। भाजपा सरकार के एक भी नया काम नही करने पर जनता इनसे परेशान हो चुकी है और उपचुनाव में इनको सबक सिखा देगी। सीएम खुद विदेश में बैठ जाते हैं और यंहा ब्यूरोक्रेसी वाले और भाजपा नेता आपस में ही एक दूसरे से उलझ रहे हैं। डोटासरा ने कहा है कि हमने उपचुनाव के लिए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है।

ये प्रभारी जल्दी ही क्षेत्रों में स्थानीय नेताओं से चर्चा करके हमें रिपोर्ट देंगे। उसके बाद हम प्रत्याशी फाइनल करके चुनावी मैदान में जीत के लिए उतरेंगे। टिकट भी हम जल्दी फाइनल कर देंगे। डोटासरा ने कहा कि पेपरलीक मामले में मगरमच्छ पकड़ने की बात बोलते रहते हैं, लेकिन कुछ कार्यवाही नहीं करने से जनता का भरोसा उठ रहा है।



# भाजपा सदस्यता अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत, मंत्री जोगाराम ने ग्रहण की सदस्यता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। विधि एवं न्याय और संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने गुरुवार जोधपुर में सदस्यता अभियान के दूसरे चरण की शुरुआत की और स्वयं भी भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल गुरुवार को जोधपुर के सर्किट हाउस में आम लोगों की समस्याओं को सुना और इसी दौरान भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता के रूप में सदस्य बने इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत भी किया गया। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा सदस्यता अभियान का दूसरे चरण शुरू किया गया है।

भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दूसरे चरण में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल भी सक्रिय सदस्यता ग्रहण की इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि इस दूसरे चरण सक्रिय रूप से सभी कार्यकर्ता सदस्य बनाने का कार्य करेंगे। भाजपा की रीति नीति है कि 6 वर्ष के बाद पार्टी की सदस्यता समाप्त हो जाती है। इसके बाद में प्रधानमंत्री हो या केंद्रीय मंत्री सभी को फिर से सदस्यता लेनी होती है। सदस्यता अभियान में सभी को फिर से अपना रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। ऐसे में मैंने भी अपना रजिस्ट्रेशन फिर से करवाया है। हमें पूरी उम्मीद है कि जितना हमें लक्ष्य मिला है, उस से सवाया लक्ष्य हम पूरा करेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने प्रदेशभर के जिलों में हो रहे राइजिंग राजस्थान को लेकर कहा कि राजस्थान सरकार अलग-अलग जिलों में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निजी सेक्टर के साथ अनुबंध कर रही है। इससे न सिर्फ उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा साथ ही रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

## प्रदेश में तापमान गिरने से सुबह-शाम होने लगा सर्दी का अहसास

जयपुर। प्रदेश में अब सुबह शाम सर्दी का अहसास बढ़ने लगा है। हालांकि दिन में अभी भी गर्मी सता रही है, लेकिन सुबह शाम मौसम सुहाना हो गया है। राजस्थान में तापमान के उतार-चढ़ाव शुरू होने के साथ ही धीरे-धीरे ठंडक बढ़ने लगी। अजमेर, कोटा, धौलपुर, बारां में कल रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, जालोर में भी रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट होने से यहां ठंडक बढ़ गई। दूसरी तरफ दिन के तापमान में बढ़ोतरी से कल कई शहरों में गर्मी मामूली बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अगले चार दिन राजस्थान में मौसम शुष्क रहने और तापमान में इसी तरह उतार-चढ़ाव होने की संभावना है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए जालसाजी करके उम्र कम दिखाई, गिरफ्तार

कोटा। सरकारी नौकरी पाने के इच्छुक 31 वर्षीय एक व्यक्ति ने सिपाही की भर्ती परीक्षा में शामिल होने के वास्ते उम्र कम दिखाने के लिए कई वर्षों तक जालसाजी और धोखाधड़ी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने अपना जाली जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड बनवाया और 2021 में 10वीं की बोर्ड परीक्षा पास की तथा दो वर्ष तक इंतजार करने के बाद 12वीं की बोर्ड परीक्षा पास की। इन दोनों परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के बाद आरोपी ने राजस्थान सिपाही भर्ती परीक्षा-2023 उत्तीर्ण की और चयन प्रक्रिया के एक दौर को छोड़कर बाकी सभी दौर को पार किया।

स्वास्थ्य जांच के अंतिम दौर में 31 वर्षीय हंसराज सिंह पकड़ा गया और उसकी जालसाजी का भंडाफोड़ हो गया। सिंह खुद को 22 साल का बताने की कोशिश कर रहा था। बारां के पुलिस अधीक्षक राज कुमार चौधरी ने बताया कि नीम का थाना क्षेत्र निवासी सिंह को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान सिंह ने कथित तौर पर कबूल किया कि उसने परीक्षा देने के लिए दस्तावेजों में अपनी उम्र नौ साल कम कर दी थी।



# परिवहन शासन सचिव ने आरटीओ जयपुर प्रथम झालाना डूंगरी का किया औचक निरीक्षण

जयपुर/दक्षिण भारत। परिवहन शासन सचिव श्रीमती शुचि त्यागी गुरुवार को प्रातः 9:20 पर झालाना डूंगरी प्रादेशिक परिवहन कार्यालय(आरटीओ) जयपुर प्रथम में औचक निरीक्षण के लिए पहुंची। इस दौरान उन्होंने टैक्सी शाखा, गैर परिवहन शाखा, लाइसेंस निर्माण, लर्निंग लाइसेंस सेक्शन का अवलोकन किया और आमजन के कार्यों से जुड़ी प्रत्येक खिड़की पर स्वयं जाकर वाहन पंजीयन, पंजीयन का नवीनीकरण, नाम हस्तांतरण, लाइसेंस हॉल और लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

श्रीमती त्यागी आज गुरुवार को कार्यालय समय से ठीक पहले झालाना डूंगरी आरटीओ प्रथम कार्यालय पहुंची। वहां उन्होंने आमजन के कार्यों से संबंधित सभी सेक्शनों का अवलोकन किया। टैक्सी श्रेणी सेक्शन में उन्होंने व्यावसायिक वाहनों के पंजीयन और उससे संबंधित फाइलों और पत्रावलियों का अवलोकन किया। उन्होंने बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों के राजस्थान में पंजीयन की प्रक्रिया से संबंधित फाइलों का बारीकी से अवलोकन किया और अधिकारियों-कर्मचारियों से सवाल-जवाब किए। फाइलों की पेंडेंसी कम होने पर उन्होंने संतोष जाहिर किया।

इसी प्रकार परिवहन शासन सचिव ने गैर परिवहन शाखा में दुपहिया एवं चौपहिया वाहनों के पंजीयन एवं पंजीयन नवीकरण से संबंधित प्रत्येक विंडो पर जाकर प्रक्रिया का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल पर आ रही समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए।

श्रीमती त्यागी ने लर्निंग लाइसेंस बनाने एवं लाइसेंस नवीकरण की प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया और हैंड्स ऑन एक्सपीरियंस लिया।

# प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता एक कंटेंट निर्माता और प्रसारक : केंद्रीय मंत्री मुरुगन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता एक कंटेंट निर्माता और प्रसारक है और उनके द्वारा साझा की गई जानकारी की सत्यता सुनिश्चित करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है।

इंडिया मोबाइल कांग्रेस के अवसर पर 'प्रसारण क्षेत्र में उभरते रुझान और प्रौद्योगिकी' विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुरुगन ने कहा कि विषय-वस्तु उभरती प्रसारण क्रांति में नायक का स्थान रखती है और अच्छी गुणवत्तापूर्ण विषय-वस्तु उपलब्ध कराने वाला कोई भी व्यक्ति सफल होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल ही में एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडेड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) क्षेत्र को बढ़ावा देने और फिल्म निर्माताओं को देश भर में मौजूद प्रतिभाओं और स्थानों का उपयोग करते हुए 'भारत में शूटिंग' करने के लिए प्रोत्साहित करने के वास्ते मुंबई में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना को मंजूरी दी है।

मुरुगन ने कहा कि जब कोई व्यक्ति समाचार या सूचना प्रकाशित करता है तो उसका यह दायित्व है




कि वह उसे प्रमाणित करे, सत्यापित करे और सुनिश्चित करे कि वह सही है।

मंत्री ने कहा, हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। हर मोबाइल उपयोगकर्ता और प्रसारक को प्रसारण से पहले ध्यान से सोचना चाहिए कि कहीं इस खबर से किसी के निजी जीवन पर असर तो नहीं पड़ेगा, कहीं यह खबर देश के खिलाफ तो नहीं है।

मुरुगन ने सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में कमजोर आबादी के समावेश को सुनिश्चित करने के लिए प्रसारण सेवाओं तक उनकी पहुंच में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।

सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने 5जी की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला, विशेष रूप से जब इसे संवर्धित वास्तविकता और आभासी वास्तविकता जैसी इमर्सिव प्रौद्योगिकियों के साथ जोड़ा जाए।

## उप्र सरकार का बड़ा कदम, एआई सीसीटीवी से अभेद्य होगी महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था

**प्रयागराज/लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में शामिल होने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा संचालित अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली शुरू कर रही है। सरकार महाकुंभ-25 को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। महाकुंभ से पहले पूरे शहर को जहां भव्य रूप से सजाने का काम जोरों पर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी खास इंतजाम किये जा रहे हैं। उप्र सरकार की पुलिस जहां एक तरफ चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी। वहीं, दूसरी ओर प्रौद्योगिकी के जरिये सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता करने की तैयारी चल रही है। इसमें सबसे अहम रोल एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सीसीटीवी कैमरे निभाएंगे। सरकार पूरे शहर में 2500 से ज्यादा सीसीटीवी लगाएगी। इनमें एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे भी शामिल हैं, जिन्हे सीधे कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज में महाकुंभ के कार्यों की समीक्षा की थी।



## बहराइच हिंसा उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की विफलता : अखिलेश

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने बहराइच जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब ''इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया'' जा रहा था तो वहां ''कोई पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं'' थी।

दुर्गा पूजा विसर्जन यात्रा के दौरान एक पूजा स्थल के बाहर कथित तौर पर तेज आवाज में संगीत बजाने को लेकर बहराइच जिले की महसी तहसील के महाराजगंज में रविवार को हिंसा भड़क गई थी, जिसमें स्थानीय निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) की गोली लगने से मौत हो गई थी। इस घटना के बाद इलाके में तोड़फोड़ और आगजनी हुई। भीड़ ने मकानों, दुकानों, शोरूम, अस्पतालों और वाहनों में आग लगा दी। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात दंगाइयों और कुछ नामजद आरोपियों के खिलाफ कई प्राथमिकी दर्ज कीं। यादव ने लखनऊ में संवाददाताओं से कहा, ''यह बहराइच प्रशासन और सरकार की विफलता है। वे अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और हर कार्यक्रम को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की बात करते हैं। तो जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था, तब पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी?'' उन्होंने कहा, ''क्या प्रशासन को पता नहीं था कि वहां कैसे और क्या हो रहा था?'' इससे पहले सोमवार को भी यादव ने इसके लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा था, ''सरकार हिंसा का कारण जानती है। कनिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने से कोई फायदा नहीं होगा। (दुर्गा प्रतिमा) यात्रा निकाले जाने के दौरान प्रशासन को सतर्क रहना चाहिए था।''

## दीपावली के मौके पर 1.86 करोड़ परिवारों के लिए मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर का वितरण शुरू

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली के मौके पर राज्य के 1.86 करोड़ परिवारों के लिए मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान में बताया गया कि इस पहल के लिए ''डबल इंजन सरकार'' ने 1,890 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं।

राज्य सरकार ने पिछले साल 85 लाख से अधिक महिलाओं सहित 1.85 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर वितरित किये थे। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत होली और दीपावली के त्योहारों के दौरान राज्य में दो साल से मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर वितरित किए जाते हैं। उज्वला योजना के तहत केंद्र सरकार हर लाभार्थी को 300 रुपए की सब्सिडी देती है जबकि राज्य सरकार बाकी छूट को वहन करती है।

## बिहार पुलिस का एक उप निरीक्षक शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**बलिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बलिया में बिहार पुलिस के एक उप निरीक्षक को शराब तस्करी के आरोप में बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिण) कृपा शंकर ने बताया, ''बलिया शहर कोतवाली पुलिस ने बिहार पुलिस के उप निरीक्षक रवि किशन पाराशर को अपनी कार में भारी मात्रा में अवैध शराब और बीयर ले जाते समय यमुना बांध चाबी घाट के पास से गिरफ्तार किया।'' पुलिस ने बताया कि कुल 121.60 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है।'' बिहार में शराब की बिक्री और सेवन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है।

## मिजोरम में हेरोइन के साथ म्यांमार का बुजुर्ग नागरिक गिरफ्तार

**आइजोल/भाषा।** पूर्वी मिजोरम के चम्फाई जिले में म्यांमां के एक 65 वर्षीय नागरिक को 320 ग्राम से अधिक हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आबकारी एवं नारकोटिक्स विभाग ने असम राइफल्स के जवानों के साथ मिलकर बुधवार रात संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि म्यांमां सीमा के निकट जिले के त्लांगसम गांव के पास चलाए गए इस अभियान में 323 ग्राम हेरोइन बरामद की गयी। अधिकारी ने बताया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को मादक पदार्थ रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है जो म्यांमां के चिन राज्य के बुल्फेक गांव का निवासी है। उन्होंने बताया कि विभाग ने जनवरी से अब तक राज्य में 37.8 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है।

## त्रिपुरा में नेता प्रतिपक्ष का दावा, मुख्यमंत्री माणिक साहा को हटाने की कोशिश कर रहे भाजपा नेता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जितेंद्र चौधरी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं का एक गुट मुख्यमंत्री माणिक साहा को पद से हटाने का प्रयास कर रहा है।

चौधरी ने कहा, हम मुख्यमंत्री साहा के इस्तीफे की मांग नहीं कर रहे, लेकिन उन्हें सूचित करना चाहते हैं कि उनकी पार्टी के नेताओं का एक वर्ग उन्हें पद से हटाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, त्रिपुरा को अपराध मुक्त राज्य बनाने का आपका सपना तब तक साकार नहीं होगा जब तक आप अपने ही सदस्यों पर लगाम नहीं लगाएंगे, जो एक के बाद एक अपराध कर रहे हैं। यदि आप अपने कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रहते हैं तो राज्य के लोग आपको माफ नहीं करेंगे।

चौधरी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव भी हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि साहा लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी जिम्मेदारियों को निर्वहनकरते हुए अपना पूरा कार्यकाल पूरा करें। उन्होंने अगरतला में एक व्यक्ति की हत्या और दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में हिरासत में हुई मौत के मामले सामने आने के बाद यह टिप्पणी की है।



## बिहार में धड़ल्ले से जारी है जहरीली शराब का अवैध कारोबार, सरकार को लगाम लगानी चाहिए: प्रियंका

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाद्रा ने सीवान व सारण जिलों में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत पर दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब का अवैध कारोबार धड़ल्ले से जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस पर लगाम लगानी चाहिए। बिहार के सीवान और सारण जिलों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से छह लोगों की मौत हो गई थी और कई को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बिहार में 'मौकापरस्त डबल सरकार' सैकड़ों जान लेने के लिए जिम्मेदार : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत पर बृहस्पतिवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की ''मौकापरस्त डबल सरकार'' सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने यह दावा भी किया कि बिहार सरकार अवैध शराब के क़ारोबार को रोकने में विफ़ल साबित हुई है।

बिहार के सीवान और सारण जिलों में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से बुधवार को छह लोगों की मौत हो गई थी और कई लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



खरगे ने कहा, ''बिहार के सीवान और सारण के 16 गांवों में जहरीली शराब से अब तक 36 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जो बेहद पीड़ादायक और दुखद है। पीड़ितों के शोकाकुल परिजनों को हमारी गहरी संवेदनाएं। सरकार से अनुरोध है कि दोषियों को न्यायसंगत कड़ी से कड़ी सज़ा दिलवाई जाए।'' उन्होंने कहा कि इससे पहले और भी ज़िलों में लगातार अवैध शराब से कई लोगों ने जान गंवाई है जो बताता है कि बिहार सरकार अवैध शराब के क़ारोबार को रोकने में कितनी विफ़ल है। खरगे के अनुसार, ''अप्रैल 2023 में मोतिहारी में ज़हरीली शराब के सेवन से 26 लोगों की मृत्यु हुई थी। दिसंबर, 2022 में छपरा में 71 लोगों की जान चली गई थी और दर्जनों लोगों की आंखों की रोशनी चली गई थी। मार्च, 2022 में बांका में 12 लोगों की मृत्यु हुई। नवंबर, 2021 में गोपालगंज, बेतिया और मुजफ्फरपुर में ज़हरीली शराब पीने से 43 लोगों की मृत्यु हो गई थी।''

उन्होंने सवाल किया, ''2017 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी ने कहा था कि मेरे ज़िंदा रहते बिहार में नहीं बिकेगी शराब, शराबबंदी तो लागू हो गई, पर अवैध शराब का ग़ैरकानूनी क़ारोबार क्यों चालू है?''कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बिहार में मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए ज़िम्मेदार है।

## भारत को 46 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड की दमदार शुरूआत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** तेज गेंदबाजों के दम पर भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेटने के बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाये लिए । डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं । न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढत है ।

इससे पहले मैट हेनरी ( 15 रन देकर पांच विकेट ) और विलियम ओ राउरकी ( 22 रन देकर चार विकेट ) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने भारतीय बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी । एडीलेड टेस्ट की यादें ताजा कराते हुए भारतीय टीम घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी । इससे पहले भारत में उसका न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था ।

भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके । आस्ट्रेलिया के 2020 . 21 के दौरे पर एडीलेड टेस्ट में भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी । भारत को दिन के आखिर में एक और झटका लगा जब रविंद्र जडेजा की टर्न लेती गेंद उनके बायें घुटने से जा लगी । उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा । न्यूजीलैंड ने मजबूत शुरूआत की जब कोंवे ने कप्तान टॉम लाथम (15 ) के साथ पहले विकेट के लिए 67 रन जोड़े । इसके बाद उन्होंने विल यंग (33) के साथ 75 रन की साझेदारी की । बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने भारत को सफलता दिलाई जब लाथम उनकी गेंद पर पगबाधा आउट हुए । कोंवे ने अपना अर्धशतक 54 गेंद में रविचंद्रन अश्विन को सिर के ऊपर से छक्का लगाकर पूरा किया । इस तरह की पिच पर सौ से अधिक गेंद तक एकाग्रता बनाये रखकर खेलना काबिले तारीफ था । अश्विन की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में वह बोल्ड हो गए । कोंवे की पारी से पहले कीवी गेंदबाजों के नाम दूसरे दिन का खेल रहा । पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया था । बारिश रुकने के बाद खेल बहाल हुआ तो रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान समेत भारत का कोई बल्लेबाज सहज नजर नहीं आया ।

रोहित आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जो 15 गेंद में दो रन बनाकर पवेलियन लौटे । टिम साउदी की सीम लेती गेंद पर वह चूके और गेंद सीधी स्टम्प पर जा लगी ।




### 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित शर्मा



**बेंगलूरु/भाषा।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह 'दुखी' हैं ।

बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया । भारत की पारी 31 . 2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके । रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था । लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं ।'' इससे पहले भारत में टीम का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था।

## झारखंड में झामुमो के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस, 19 अक्टूबर के बाद पहली सूची जारी होगी: मीर



**रांची/भाषा।** कांग्रेस झारखंड विधानसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ गठबंधन में लड़ेगी और सीट बंटवारे पर जल्द ही अंतिम फैसला होने की उम्मीद है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस महासचिव और झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 19 अक्टूबर के बाद जारी की जाएगी। झारखंड में चुनाव 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी।

मीर ने कहा, ''2019 की तरह, हम राज्य में अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सीट बंटवारे को लगभग अंतिम रूप दे दिया गया है और इस पर जल्द ही अंतिम निर्णय होने की उम्मीद है। हम 19 अक्टूबर के बाद उम्मीदवारों की पहली सूची जारी करेंगे, खासकर हमारे नेता राहुल गांधी के राज्य के दौरे के बाद।''

इससे पहले दिन में यहां पहुंचे मीर ने कहा कि पार्टी को राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों के बल पर चुनाव जीतने का भरोसा है।



## राजीव गांधी ने असमी छात्र नेताओं से बात की थी, भाजपा प्रदर्शनकारियों को देशद्रोही कहती है : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने असम में अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने संबंधी नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता बरकरार रखे जाने के बाद बृहस्पतिवार को कहा कि शीर्ष अदालत ने उस असम समझौते का समर्थन करने वाला फैसला सुनाया है जिससे पूर्वोत्तर के इस प्रदेश में शांति स्थापित हुई थी।

लोकसभा में पार्टी के उप-नेता गौरव गोगोई ने यह भी कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने मतभेदों के बावजूद छात्र नेताओं से बात की थी, जबकि भारतीय जनता पार्टी प्रदर्शनकारियों को ''देशद्रोही और खालिस्तानी'' कहती है।

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को चार अनुपात एक के बहुमत से फैसला सुनाते हुए असम में अवैध प्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने संबंधी नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है।

गोगोई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मैं असम समझौते का समर्थन करने वाले माननीय उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करता हूं। असम समझौता एक ऐतिहासिक समझौता था जिससे वर्षों के राजनीतिक आंदोलन के बाद राज्य में शांति आयी।''

उन्होंने कहा, ''उस दौरान भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी राजनीतिक मतभेदों के बावजूद छात्र नेताओं से बातचीत करते थे। आज परिदृश्य अलग है। भाजपा प्रदर्शनकारियों को देशद्रोही और खालिस्तानी कहती है या फिर मणिपुर की तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐसा दिखावा करते हैं जैसे राज्य का अस्तित्व ही नहीं है।''

## युई को हराकर सिंधू डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ओडेन्से/भाषा।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने खराब शुरूआत से उबरते हुए बृहस्पतिवार को यहां चीन की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी हेन युई को हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पूर्व विश्व चैंपियन और अभी दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में 63 मिनट में 18-21 21-12 21-16 से जीत दर्ज की। मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में हेन को हराने के बाद शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ यह सिंधू की पहली जीत है। हेन के खिलाफ आठ मुकाबलों में यह सिंधू की सातवीं जीत है जबकि उन्हें एक बार हार का सामना करना पड़ा है। यहां 2015 में फाइनल में पहुंची सिंधू टूर्नामेंट में अब एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचीं हैं। वह अगले दौर में इंडोनेशिया की पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग और डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। तीन ओलंपिक में पहली बार पेरिस से खाली हाथ लौटीं सिंधू ने तुनजुंग के खिलाफ 12 मुकाबलों में 10 जीत दर्ज की हैं लेकिन इस साल दोनों खिलाड़ियों की अब तक भिड़ंत नहीं हुई है। सिंधू और हेन ने छोटी रैली के साथ शुरुआती की और शुरुआत आठ अंक बांटे। भारतीय खिलाड़ी ने लगातार पांच अंक गंवा जिससे पिछड़ गई। उन्होंने बुधवार को पहले दौर का मुकाबला 79 मिनट में जीतने वाली हेन रैली में उलझाकर थकाया। सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर 9-10 किया लेकिन चीन की खिलाड़ी ने फिर 14-10 की बढ़त बना ली। सिंधू ने आक्रामक रवैया दिखाने के दौरान गलतियां की जिसका हेन ने फायदा उठाकर अंक जुटाए।

सिंधू इसके बाद 13-17 से पिछड़ गई और हेन ने बॉडी रिटर्न के साथ छह गेम प्वाइंट हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी ने चार गेम प्वाइंट बचाए लेकिन हेन ने क्रॉस कोर्ट शॉट के साथ गेम जीत लिया।



## त्रिपुरा : 'पुलिस प्रताड़ना' के कारण युवक की मौत, पांच पुलिसकर्मी हिरासत में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अगरतला/भाषा।** दक्षिण त्रिपुरा जिले के सबरूम में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए 26 वर्षीय एक व्यक्ति की, पुलिस हिरासत के दौरान कथित तौर पर प्रताड़ित किए जाने के कारण घर पर मौत हो गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सबरूम के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) नित्यानंद सरकार ने बताया कि मृतक के परिवार की ओर से प्रताड़ना के संबंध में शिकायत दिए जाने के बाद मनुबाजार पुलिस थाने में तैनात पांच पुलिसकर्मियों को हिरासत में लिया गया है। इस घटनाएं से गुस्साए स्थानीय लोगों ने बृहस्पतिवार को पुलिस थाने के पास प्रदर्शन किया और उन पुलिसकर्मियों को कड़ी सजा देने की मांग की जिन्होंने पीड़ित को कथित तौर पर प्रताड़ित किया था। स्थानीय लोगों ने मनुबाजार में अगरतला-सबरूम राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी जाम कर दिया। कलादेपा निवासी बादल त्रिपुरा को लोगों ने 13 अक्टूबर को गोदाम से रबड़ शीट चोरी करने के आरोप में पकड़ा और पिटाई करने के बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया था।

## सुविचार

संत बुरे व्यक्तियों में भी उनके अंदर की अच्छाइयों को ढूंढ निकालते हैं। मनुष्य को चाहिए कि वह किसी से बैर न रखे और हर चीज में अच्छाइयों को खोजे।

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# शुद्धता सुनिश्चित करें

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा खानपान की चीजों की शुद्धता सुनिश्चित करने संबंधी दिए गए निर्देश स्वागत-योग्य हैं। जो लोग इन चीजों में गंदगी मिलाकर बेच रहे हैं, वे उपभोक्ताओं के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात कर रहे हैं। उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी जरूरी है। अब खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने खाद्य कारोबारियों के लिए जो दिशा-निर्देश जारी किए, उनके अनुसार, दोषी लोगों पर 25 हजार रुपए से लेकर एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। यह उचित ही है कि जानबूझकर लोगों के विश्वास और स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर इसी तरह शिकंजा कसा जाए। कुछ लोग इस बात को लेकर आपत्ति भी जता सकते हैं कि खानपान की छोटी दुकान चलाने वाला व्यक्ति इतना जुर्माना कहां से देगा? तो क्या किसी को इस बात की खुली छूट मिलनी चाहिए कि वह लोगों को गंदगी परोसे? यह कितना बड़ा पाप है! लोग यह सोचकर किसी दुकान / रेस्टोरेंट में जाते हैं कि उन्हें वहां शुद्ध चीजें मिलेंगी। जब कोई उन्हें अशुद्ध और अपशिष्ट मिश्रित चीजें खिलाता है तो यह कोई सामान्य अपराध नहीं है, बल्कि सोच-समझकर किया गया कपट है। प्राचीन काल में भी ऐसे अपराध होते थे। कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज़ नहीं आते थे। वे ऋषियों और आम जनता के भोजन में ग़लत चीज़ों की मिलावट कर देते थे। बाद में पकड़े जाने पर उन्हें कठोर दंड मिलता था। ऐसी घटनाओं को रोकना कोई बहुत मुश्किल काम नहीं है। इसके लिए खाद्य संरक्षा से जुड़े नियमों को ठीक तरह से लागू कर दें। उनके साथ कुछ नियमों (जिनमें तकनीक पर जोर हो) को और जोड़ दें तो ऐसी घटनाओं पर लगाम लग सकती है।

इन अपराधों में शामिल लोगों का पर्दाफाश करने में तकनीक की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। दुकान / रेस्टोरेंट में चाय बनाते, खाना पकाते समय मिलावट करने वालों का वहां आस-पास मौजूद लोगों में से ही किसी ने वीडियो बना लिया था। ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने के बाद संबंधित इलाके की पुलिस हरकत में आई। मसूरी में तो दो भाइयों पर चाय के बर्तन में थूकने और उसे ग्राहकों को पिलाने का आरोप लगा! इसी तरह उप्र के सहारनपुर जिले में एक युवक तंदूर से रोटी निकालकर उस पर थूकता पाया गया! अगर इनकी हरकतें वीडियो में रिकॉर्ड नहीं की जातीं तो ये अब तक कितने ही लोगों को थूक मिश्रित चीजें खिला-पिला रहे होते! इस बात से भी इन्कार नहीं किया जा सकता कि इन्होंने पहले भी ऐसे कृत्य किए हों। ये घटनाएं सिर्फ कुछ राज्यों में नहीं हो रही हैं। अगर सोशल मीडिया पर सर्च करेंगे तो कई राज्यों में लोग इन्हीं हरकतों को दोहराते नजर आएंगे। इन घटनाओं से कुछ सवाल भी पैदा होते हैं- क्या ऐसे लोगों को कोई मानसिक समस्या है? क्या इन्हें देशविरोधी ताकतें ऐसी खुराफातें करने के लिए उकसा रही हैं, ताकि आसान तरीकों से लोगों की जान को खतरे में डाला जाए? क्या ये लोग किसी कुंठा के शिकार हैं? क्या इन्हें दूसरों को गंदगी परोसने से आनंद आता है? ये सवाल पुलिस जांच के अलावा मनोवैज्ञानिक शोध के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं। इन घटनाओं को यह सोचकर हल्के में नहीं लेना चाहिए कि सब लोग तो ऐसा नहीं कर रहे। बेशक सब लोग ऐसा नहीं कर रहे, लेकिन उक्त घटनाओं से सबक लेकर खानपान की चीजों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता तो दिखानी होगी। सभी प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य हो। अधिकारियों द्वारा समय-समय पर इनकी जांच की जानी चाहिए। स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। वहीं, पारदर्शिता के लिए जरूरी है कि ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे ग्राहक को मालिक समेत कर्मचारियों के बारे में जानकारी आसानी से मिल जाए। जिस दुकान / रेस्टोरेंट में गलत चीजों की मिलावट होती पाई जाए, ग्राहक उससे दूरी बना लें।

## ट्वीटर टॉक



प्रभु श्रीराम के जीवन-दर्शन को लिपिबद्ध करने वाले आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती की सभी को शुभकामनाएँ। महर्षि वाल्मीकि जी ने समूची मानव जाति को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन से परिचित कराते हुए 'रामायण' महाकाव्य की रचना की।

**-अमित शाह**



भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाई चंद्रचूड़ जी ने सुप्रीम कोर्ट में 'न्याय की देवी' की नई प्रतिमा का अनावरण किया है, जिसमें उनकी आंखों से पट्टी हटाकर और हाथ में तलवार के स्थान पर संविधान की किताब को रखा है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



इंग्लैंड की राजधानी लंदन पहुँचने पर एयरपोर्ट पर प्रवासी राजस्थानी बंधुओं द्वारा स्नेहपूर्ण स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मेरे प्रति आप सभी के अथाह स्नेह, सम्मान एवं आत्मीयता के लिए मैं हृदय की गहराइयों से आभारी हूँ और सभी का अंत:करण से धन्यवाद व्यक्त करता हूँ।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# साधना से शुचिता

एक बार रामकृष्ण परमहंस ने अपने गुरु तोतापुरी जी महाराज से पूछा, 'गुरुजी, आपने तो इतनी साधना और आराधना की है। आपको ब्रह्म की प्राप्ति भी हो गयी है। फिर अब आप प्रतिदिन आसन लगाकर क्यों बैठते हैं? अब आपको पूजा-पाठ या अध्ययन की क्या आवश्यकता है?' तोतापुरी जी ने उत्तर दिया, 'अपने मन में कभी भी यह अभिमान नहीं आना चाहिए कि मैंने सब कुछ पा लिया। अपनी साधना प्रतिदिन नियमित रूप से चलती रहनी चाहिए।' उन्होंने अपने लोटे को दिखाते हुए कहा, 'रामकृष्ण! यह लोटा इतना साफ है कि तुम इसमें अपना मुंह देख सकते हो। मैं इसे प्रतिदिन रेत से रगड़कर मांजता हूं। यदि ऐसा न करूं तो इस पर दाग पड़ जायेंगे और इसका पानी भी पीने योग्य नहीं रहेगा। इसी प्रकार अपने मन को भी साधना और आराधना से प्रतिदिन साफ करना चाहिए। मुझे अब कुछ करने की आवश्यकता नहीं- यह अभिमान व्यर्थ है। इसलिए अपने मन को सदा ठीक बनाये रखने के लिए मनुष्य को प्रतिदिन प्रयास और अभ्यास करते रहना चाहिए।'

## सामयिक

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र : सरकार से बड़ी उम्मीदें

ललित गर्ग

मोबाइल : 9811051133

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।



जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है।

उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं।

केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है।

## नजरिया

# अरब में पाकिस्तानियों को नो-एंट्री

आचार्य विष्णु श्रीहरि

मोबाइल : 9315206123

संयुक्त अरब अमीरात में पाकिस्तान मुसलमानों का वीजा नहीं मिलने पर पाकिस्तान राजदूत फैसल नियाज का विचार जान कर आप हैरान हो सकते हैं। फैसल नियाज का कहना है कि संयुक्त अरब अमीरात ही नहीं बल्कि पूरा अरब जगत में पाकिस्तानी मुसलमानों को लेकर धारणा बहुत ही विस्फोटक और नकारात्मक है तथा घृणा स्पद है, लेकिन इसके लिए अरब महादेश के मुस्लिम देश जिम्मेदार नहीं है बल्कि पाकिस्तान के मुसलमान ही जिम्मेदार है, गुनहगार हैं। कहने का अर्थ यह है कि पाकिस्तान के राजदूत ने अपने देश के नागरिकों के खिलाफ खड़े हैं और अपने देश के नागरिकों को ही अपराधी और गुनहगार घोषित कर रहे हैं। ऐसी कूटनीतिक स्थिति बहुत कम देखी जाती है। माना जाता है कि राजदूत अपने देश का प्रतिनिधि होता है उसका कर्तव्य विदेश में अपने देश के नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना और उनके सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर करना होता है। क्या पाकिस्तान के राजदूत ने अपने कर्तव्य का पालन करने में कोई कोताही बरती है या फिर सच बोला है? क्या सच बोलकर भी पाकिस्तानी राजदूत अपने देश के नागरिकों को सभ्य बना सकते हैं, उन्हें विदेश में संबंधित देशों के कानूनों और सभ्यताओं का सम्मान करना सिखा सकते हैं, उन्हें स्थानीय राजनीति से दूर रहने की सीख देने में कामयाब हो सकते हैं? उन्हें मजहबी प्रसंगों पर खामोश होने के लिए प्रेरित कर सकते हैं?

पाकिस्तानी राजदूत ने जो कारण बतायें हैं उनमें भीख मांगने का अपराध मुख्य रूप से शामिल है। पाकिस्तानी मुसलमान भीख मांगने के ख्याल से यूएई सहित अन्य अरब के मुस्लिम देशों में जाते हैं। इस कारण अरब देशों की सड़कों पर भीख मांगने वालों की संख्या बढ रही है। इतना ही नहीं बल्कि भीख मांगने के लिए पाकिस्तानी मुसलमान आवासीय कालोनियों को भी निशाना बनाते हैं। पाकिस्तानी मुसलमान लूट-पाट और डकैती में शामिल होते हैं। इस कारण अरब देशों में कानून व्यवस्था की समस्या खडी हो गयी है, पुलिस को अतिरिक्त प्रभाव और शक्ति का प्रयोग करना पड़ रहा है। जेलों में अधिकतर पाकिस्तानी नागरिकों के बंद होने से भी घृणास्पद समस्याएं खडी हुई हैं।

जेलों पर कैदियों का भार बढ रहा है, अतिरिक्त जेलों की आवश्यकता महसूस हो रही है, इसके अलावा जेलों पर खर्च होने वाली राशि की बढ़ोतरी हो रही है,न्याय व्यवस्था को अतिरिक्त सक्रियता दिखानी पड़ रही है। मजहबी प्रसंग पर भी पाकिस्तानी मुसलमानों की सक्रियता अधिक होती है, यह कहना सही होगा कि पाकिस्तानी मुसलमान अरब जाकर वहां के मजहबी प्रसंग पर हस्तक्षेप करते हैं और इनका इस्लाम अच्छा है और उनका इस्लाम गलत है, की धारणा प्रत्यारोपित करते हैं जबकि अरब के अधिकतर देशों में मजहबी मामालों में हस्तक्षेप करने का अधिकार बहुत ही सीमित है। सबसे बड़ी बात यह है कि अरब देशों में राजनीति की छूट नहीं है, अधिकतर अरब देशों में तानाशाही है और तानाशाही यह स्वीकार नहीं करती है कि उसे कोई चुनौती दे और उसकी जनता को कोई विदेशी बगावत करने या फिर विरोध करने के लिए लडकारे, प्रेरित करे।

यूएई ने वीजा के लिए ऐसे मानक तय कर दिये हैं कि पाकिस्तानी मुसलमान उसको पूरा करने में असमर्थ होते हैं। पाकिस्तानी राजदूत फैसल नियाज के अनुसार पर्यटक वीजा पर आने वाले पाकिस्तानी मुसलमानो को वापसी का टिकट साथ लाना होगा, सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि जिस हवाई जहाज से आये हैं, वापसी भी उसी जहाज से करनी होगी, पर्यटक वीजा पर आने वालों को कहां ठहरेंगे, उस




**कोई भी देश अपने खिलाफ भस्मासुर क्यों पालेगा, हिंसक और आतंक के पर्याय लोगों को रोजगार देकर क्यों परेशानी खड़ी करेगा? यही बात अरब के मुस्लिम देश समझ चुके हैं। उन्हें यह समझदारी विकसित हो चुकी है कि इस्लाम के नाम पर आतंक और हिंसा का संरक्षण देने से उनका भला होने वाला नहीं है, सिर्फ और सिर्फ परेशानी खड़ी होती है और खुद की अर्थव्यवस्था का संहार होता है।**

होटल का नाम और उसमें कमरे की बुकिंग रसीद देनी होगी, ट्रैवल की पूरी जानकारी देनी होगी, दुर्घटना आदि के लिए बीमा कवर का होना जरूरी है, अपराध और अन्य अस्वीकार कार्य करने की करतूत और इतिहास की पूरी जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही साथ बैंक बाइलेंस की जानकारी देनी होगी। ये सभी शर्ते बहुत ही कठिन हैं और पाकिस्तानी मुसलमानों के लिए एक बुलडोजर के समान हैं। वे बुलडोजर के समान शर्तो को पूरा कर ही नहीं पा रहे हैं। पाकिस्तानी मुसलमान तो रोजगार के तलाश में ही अरब देशों में जाते हैं फिर इनके पास इतना धन कहां होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गरीबी और बेकारी की समस्या से जूझ रहे पाकिस्तान के नागरिकों के लिए प्रशिक्षित कामगार का सर्टिफिकेट का न होना भी एक समस्या है, पाकिस्तान के शैक्षणिक और रोजगार संस्थानों के सर्टिफिकेट चाकचौबंद नहीं होते हैं, सिर्फ कागजी होते हैं, अनुभव और दक्षता का भी अभाव होते हैं।

पाकिस्तानी मुसलमानों की इच्छा भी जान लीजिये। पाकिस्तानी मुसलमान कहते हैं कि यूएई ही नहीं अरब के मुस्लिम देश उनके साथ अन्याय कर रहे हैं, भाई चारे के सिद्धांत का वध कर रहे हैं, इस्लाम के दायित्वों से पीछे हट रहे हैं, मुस्लिम देश का कर्तव्य सभी मुसलमानों को साथ लेकर चलना होता है और सभी मुसलमानों की भलाई करना होता है। क्षेत्र और भूभाग के नाम पर आप अन्याय नहीं कर सकते हैं और न ही भेदभाव कर सकते हैं। पाकिस्तानी मुसलमानों का यह भी कहना है कि हमें तो प्रतिबंधित किया जा रहा है पर भारतीय लोगों के साथ ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है, जैसा प्रतिबंध पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के मुसलमानों के साथ लगाया जा रहा है वैसा प्रतिबंध भारत के हिन्दुओं पर क्यों नहीं लगाया जा रहा है, भारत के हिन्दुओं का सम्मान क्यों दिया जा रहा है और उनको अरब के देश क्यों स्वागत करते हैं?

उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका के मुसलमानों पर जिस तरह के वीजा प्रतिबंध लगाये गये हैं उस तरह के प्रतिबंध भारत के लोगों पर नहीं लगाये हैं, भारत से आने वाले लोगों के लिए वीमा शर्त आसान है और कम जटिल है, उन्हें कई प्रकार की गारंटियों से छूट मिल रही है। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि भारतीयों को अरब में पाकिस्तानी मुसलमानों की अपेक्षा इतनी छूट क्यों मिल रही है, इतनी कृपा क्यों बरस रही है जिससे पाकिस्तानी मुसलमानों को परेशानी है? वास्तव में भारतीय हिन्दू अरब देशों में काम की खोज में जाते हैं, अरब की जरूरतों का सहचर बनते हैं, उनके विकास में सहयोग करते हैं लेकिन भारतीय हिन्दू अपने निर्धारित काम और दायित्व पर ध्यान लगाते हैं, उन्हें अरब देशों की आतंरिक राजनीति से कोई लेना-देना नहीं होता है और न ही आतंरिक राजनीति में हस्तक्षेप कारी कोई रूचि दिखाते हैं, उन्हें रूचि दिखाने का दुष्परिणाम मालूम हैं, क्योंकि वे सचेत और सजग होते हैं। इसके साथ ही साथ भारतीय कामगर सिर्फ अप्रशिक्षित ही नहीं होते हैं बल्कि प्रशिक्षित भी होते हैं, इसलिए अरब देशों की प्रशिक्षित कामगरों और प्राफेशनरों की आवश्यकता की पूर्ति हो जाती है।

कोई भी देश अपने खिलाफ भस्मासुर क्यों पालेगा, हिंसक और आतंक के पर्याय लोगों को रोजगार देकर क्यों परेशानी खड़ी करेगा? यही बात अरब के मुस्लिम देश समझ चुके हैं। उन्हें यह समझदारी विकसित हो चुकी है कि इस्लाम के नाम पर आतंक और हिंसा का संरक्षण देने से उनका भला होने वाला नहीं है, सिर्फ और सिर्फ परेशानी खड़ी होती है और खुद की अर्थव्यवस्था का संहार होता है। इसका उदाहरण कोई और नहीं बल्कि पाकिस्तान ही है। पाकिस्तान में आतंक की खेती होती है, आतंक की आउटसोर्सिंग होती है। वहां पर डॉक्टर इंजीयिर और वैज्ञानिक बनने का सपना नहीं देखा जाता है बल्कि आतंकी सरगना बनने का सपना देखा जाता है। क्योकि आतंकी बनने से शोहरत के साथ ही साथ धन की वर्षा होती है, राजनीति भी उनके सामने समर्पणकारी होती है। कहने का अर्थ है कि आतंकी के सामने सभी कोई शक्ति ही नहीं रखते हैं। पाकिस्तान आज कटोरा लेकर भीख मांग रहा है। पाकिस्तान का यह हस्र अरब देश जान गये हैं और समझ गये। अरब देश अपने को पाकिस्तान नहीं बनने देना चाहते हैं। इसी कारण अरब देशों ने पाकिस्तानियों के खिलाफ नो एंट्री का बोर्ड लगा दिया है।

भारत को भी पाकिस्तानियों के इस हस्र से सावधान रहना होगा, सर्तक रहना होगा। आखिर क्यों? मजदूर वर्ग के लोग तो अरब देशों की आतंरिक और मजहबी मामलों में हस्तक्षेप तो करते नहीं पर प्रोफेशनरों ने जरूर समस्या खडी कर रखी है। पढे-लिखे और प्रशिक्षित भारतीय मुसलमान जो अरब देशों में कार्यरत हैं वे भी पाकिस्तानी मुसलमानों की डगर पर चल रहे हैं। खासकर अपने देश और अपने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ ही अभियान चलाते हैं और सोशल मीडिया पर स्थापित करते हैं कि भारत और मोदी मुस्लिम विरोधी हैं, इसलिए अरब देशों को भारत से मधुर संबंध नहीं रखना चाहिए और अरब में हिन्दुओं को प्रवेश और रोजगार नहीं देना चाहिए। भारत को ऐसी मुस्लिम मानसिकताओं पर संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा भारत को पाकिस्तान की तरह ही अरब देशों में अपमानित होना पड़ेगा और घृणा का शिकार होना पड़ेगा।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# अन्य जीवों के विपरीत मनुष्य में लड़के और लड़कियों की संख्या लगभग बराबर क्यों होती है?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कैनबरा। हम जानते हैं कि लड़के और लड़कियां लगभग एक ही अनुपात में पैदा होते हैं। लेकिन यह 1:1 अनुपात कैसे और क्यों बनता है? एक नया शोधपत्र जीन भिन्नता के लिए विशाल मानव डेटा सेट की खोज करता है जो 1:1 लिंगानुपात को असंतुलित कर देता है तथा लिंगानुपात के जैविक और सैद्धांतिक नियमों का परीक्षण करता है।

शुरूआत में वैज्ञानिकों ने यह सुनिश्चित करने के लिए ईश्वरीय प्रावधान को श्रेय दिया कि प्रत्येक नर की अपनी मादा होनी चाहिए।'' बेशक, अब हम जानते हैं कि सेक्स क्रोमोसोम ही लिंग के वास्तविक निर्धारक हैं। महिलाओं में दो एक्स क्रोमोसोम होते हैं; पुरुषों में एक एक्स और एक पुरुष-विशिष्ट वाई होता है। वाई में एक पुरुष-निर्धारक जीन होता है जिसे एसआरवाई कहा जाता है, जो कोशिकाओं के एक रिज को वृषण (टेस्टिस) में प्रवेश कराने की प्रक्रिया को शुरू करता है। भ्रूण का वृषण पुरुष हार्मोन बनाता है जो भ्रूण को लड़के के रूप में विकसित करने का निर्देश देता है। एसआरवाई के बिना, एक वैकल्पिक मार्ग सक्रिय होता है जो एक अंडाशय बनाता है, और भ्रूण एक लड़की के रूप में विकसित होता है।

1:1 अनुपात शुक्राणु और अंडाणु में एक्स और वाई गुणसूत्रों (क्रोमोसोम) के वितरण के तरीके से उत्पन्न होता है। हमारी सभी कोशिकाओं में गुणसूत्रों के दो सेट होते हैं जो हमारे जीनोम का निर्माण करते हैं, प्रत्येक माता-पिता से एक सेट। एक विशेष प्रकार का कोशिका विभाजन शुक्राणु और अंडाणु को गुणसूत्रों के केवल एक सेट के साथ बनाता है, ताकि एक निषेचित अंडाणु में एक बार फिर दो सेट हों (एक सेट शुक्राणु से और दूसरा अंडाणु से)। इस तरह, शुक्राणुओं को प्रत्येक गुणसूत्र की एक ही प्रति मिलती है - और केवल एक सेक्स गुणसूत्र, या तो एक एक्स या एक वाई।



**उद्घाटन**

संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र में 'ब्लैक डायमंड अनवीलिंग द डेप्थ्स' प्रदर्शनी के उद्घाटन किया।

# अफ्रीका महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



लिलोंग्वे (मलावी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि अफ्रीका एक महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महाद्वीप में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। यहां भारत-मलावी व्यापार सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि वह हार्ट ऑफ अफ्रीका का दौरा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनकर खुश हैं। तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में आज यहां पहुंचीं मुर्मू ने कहा, अफ्रीका एक महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश स्थल के रूप में उभरा है।यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इस अफ्रीकी देश की पहली यात्रा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि अफ्रीका में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, जल उपचार और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 1964 में मलावी की स्वतंत्रता के तुरंत बाद उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला भारत पहला देश था। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंध ऐतिहासिक हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क 140 वर्षों से भी अधिक पुराना है। उन्होंने कहा, कोविड महामारी से उत्पन्न मंदी के बावजूद भारत और मलावी के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ रहा है। मुर्मू ने कहा, भारत वर्तमान में मलावी का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यह मलावी में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है जिसने विभिन्न क्षेत्रों में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मलावी प्राकृतिक भंडारों और उपजाऊ कृषि भूमि के मामले में समृद्ध है, तथा भारत में ऊर्जा, खनिज और खाद्यान्न की बढ़ती मांग के साथ एक बड़ा उपभोक्ता आधार है। उन्होंने कहा कि दोनों देश कई क्षेत्रों में तालमेल स्थापित करने के लिए एक साथ आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि, खनन, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की गुंजाइश है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि इस वर्ष भारत और मलावी के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 60वीं वर्षगांठ है।

राष्ट्रपति मुर्मू अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान देश के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगी तथा व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं से बातचीत करेंगी। मलावी के लिलोंग्वे स्थित कामुज़ू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उप राष्ट्रपति माइकल उसी ने उनकी अगवानी की और उनका पारंपरिक स्वागत किया गया।

**मुलाकात**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को नई दिल्ली में वाल्मीकि समुदाय के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

# जलवायु से जुड़े कार्यों में प्रतिवर्ष 1200 अरब रुपए खर्च करे पाकिस्तानः आईएमएफ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान से आग्रह किया है कि वह अपने सालाना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का एक प्रतिशत यानी मौजूदा अनुमान के आधार पर 1240 अरब रुपये से अधिक धनराशि जलवायु से जुड़े कार्यों में निवेश करे ताकि मौसम संबंधी घटनाओं विशेषकर बाढ़ से निपटने की तैयारियां की जा सके। बृहस्पतिवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। 'डॉन' समाचार पत्र की खबर के अनुसार आईएमएफ ने एक विशेष नीतिगत परामर्श में कहा कि विस्तारित फंड सुविधा (ईएफएफ) के तहत राजकोषीय, श्रम बाजार, व्यापार और राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों (एसओई) में सुधारों से पाकिस्तान की विकास दर में दो प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है और असमानता कम हो सकती है। आईएमएफ ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि जलवायु-अनुकूल बुनियादी ढांचे में निवेश प्राकृतिक आपदा के कारण विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को एक तिहाई तक कम कर सकता है। आईएमएफ ने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद की लगभग एक प्रतिशत रकम बुनियादी ढांचे में निवेश करने से पाकिस्तान की जलवायु संबंधी समस्याएं कम होंगी और इस तरह के निवेश से प्राकृतिक आपदाओं से विकास पर पड़ने वाले प्रभाव को लगभग एक तिहाई तक कम किया जा सकेगा।



# फिल्म 'ओजी' की शूटिंग फिर से शुरू

मुंबई/एजेन्सी

पावर स्टार पवन कल्याण की फिल्म ओजी की शूटिंग हैदराबाद में फिर से शुरू कर दी गयी है। पवन कल्याण अपनी आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म ओजी के साथ स्क्रीन पर धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन सुजीत कर रहे हैं। पवन कल्याण अभिनीत पैन इंडिया एक्शन एंटरटेनर ओजी ने हैदराबाद में अपनी शूटिंग फिर से शुरू कर दी है, जिसमें इस समय एक धमाकेदार एक्शन सीक्वेंस चल रहा है। अपनी घोषणा के बाद से ही इस फिल्म ने खूब चर्चा बटोरी है, और अब पवन कल्याण जल्द ही सेट पर अपने धमाकेदार एक्शन सीन्स के लिए आने वाले हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी को खलनायक के रूप में कास्ट किया गया है, साथ ही श्रीया रेड्डी, प्रियंका मोहन और अर्जुन दास भी अहम भूमिका में हैं। निर्माताओं ने खुलासा किया है कि इस महीने की शुरुआत में शुरू हुआ यह शेड्यूल अक्टूबर के अंत तक चलेगा, जिसमें दर्शकों को कुछ सबसे रोमांचक दृश्य देखने को मिलेंगे।र

सोशल मीडिया पर टीम ने एक रोमांचक अपडेट साझा किया:ऊर्जा बहुत है... और एक्शन भी बहुत है...ओजी की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है।हमारे ओजीपवनकल्याण जल्द ही शूटिंग में शामिल होंगे।




# फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का नया पोस्टर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। वर्ष 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक, 'पुष्पा 2: द रूल' के मेकर्स ने अल्लू अर्जुन का एक जबरदस्त नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन को एक कुर्सी पर बैठे हुए दिखाया गया है।यह फिल्म, ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पा: द राइज' का सीक्वल है।

माइथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, इंतजार का वक्त कम हो रहा है। पुष्पा राज और उसके ब्लॉकबस्टर रूल को देखने के लिए 50 दिन बचे हैं।

'पुष्पा 2: द रूल' पुष्पा राज की दिलचस्प यात्रा को पेश करेगी, जब वह स्मगलिंग और शक्ति की जोखिम भरी दुनिया में प्रवेश कर रहा होगा।

अल्लू अर्जुन ने इस किरदार को निभाया है, और इस बार कहानी में ज्यादा गहराई होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2:द रूल 06 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# रकुल प्रीत सिंह ने खराब तबीयत के बावजूद काम के लिए अपना समर्पण दिखलाया

मुंबई/एजेन्सी



बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने खराब तबीयत के बावजूद अपने काम के लिए समर्पण दिखलाया है। रकुल प्रीत सिंह ने गंभीर चोट के बाद भी अपने काम और कमिटमेंट्स को नहीं छोड़ा। इसका असर उनकी सेहत पर पड़ा और अब वह कई दिनों से बिस्तर पर हैं। यह सब पांच अक्टूबर की सुबह तब शुरू हुआ जब वह अपने वर्कआउट के दौरान 80 किलो वजन बिना बेल्ट के उठा रही थीं, जिससे उनकी पीठ में दर्द हो गया। चोट के बावजूद, रकुल ने अपनी कमिटमेंट निभाने के लिए लगातार दो दिनों तक दे दे प्यार दे 2 की शूटिंग की और मांसपेशियों को आराम देने वाली दवा ली। तीन दिनों तक दर्द सहने के बाद, उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से सलाह ली, लेकिन हर 3-4 घंटे बाद दर्द फिर से लौट आता था।

# पंजाबी फिल्म 'मधानियां' में नजर आएंगी पूनम ढिल्लों

मुंबई/एजेन्सी



हाल ही में सोशल मीडिया पर दिग्गज अभिनेत्री पूनम ढिल्लों ने अपनी पंजाबी फिल्म 'मधानियां' के बारे में एक रोमांचक अपडेट शेयर किया। चंडीगढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान अभिनेत्री ने फिल्म का आधिकारिक पोस्टर जारी किया। इस मौके पर पूनम के साथ फिल्म के अन्य कलाकार नीरू बाजवा, देव खरौद, बी.एन. शर्मा और गुरप्रीत घुग्गी भी मौजूद थे। पोस्ट में पूनम ढिल्लों ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने अपने फैंस से कहा कि वह जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करेंगी। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पूनम ने लॉन्च इवेंट से कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए। इस पोस्ट के कैप्शन में अभिनेत्री ने लिखा, मैं जल्द ही एक नई पंजाबी फिल्म 'मधानियां' में काम शुरू करूंगी।''

वहीं नीरू बाजवा ने फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के बारे में अपनी खुशी शेयर की। पोस्टर में मुख्य किरदारों को पारंपरिक पंजाबी पृष्ठभूमि पर सेट किया गया है, जो फिल्म की सांस्कृतिक समृद्धि और भावनात्मक गहराई को उजागर करता है। एक बयान में पूनम ढिल्लों ने कहा, चंडीगढ़ मेरा गृहनगर है और मैं यहां वापस आकर हमेशा खुश रहती हूं। यह नव बाजवा के कारण है कि इतनी शानदार कास्ट एक साथ आई है। सिनेमा के लिए उनकी ऊर्जा और प्यार देखने लायक है।'' 'मधानियां' में देव खरौद और नीरू बाजवा पहली बार ऑन-स्क्रीन दिखाई देंगी। नव बाजवा द्वारा लिखित और निर्देशित आगामी पंजाबी फिल्म में करमजीत अनमोल, निर्मल ऋषि, नमन हंजरा, सारा गुरपाल, मन्नत नूर, दीदार गिल, रूपिंदर रूपी, सीमा कौशल, सुखी चहल, परमवीर सिंह, राज धालीवाल, प्रभशरण सिंह, जैस्मीन अख्तर, गुरप्रीत बाजवा और मनी औजला सहित कई स्टार कलाकार शामिल हैं।



# फिल्म 'लॉटरी' के ट्रेलर को मिले दो मिलियन से ज्यादा व्यूज

मुंबई/एजेन्सी

फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार की भोजपुरी फिल्म लॉटरी के ट्रेलर को दो मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल गये हैं। फिल्म लॉटरी का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। तीन मिनिट 8 सेकेंड के इस ट्रेलर में निर्देशक धीरू यादव ने फिल्म की पूरी कहानी को कुछ हद तक बयां कर दिया है।ट्रेलर में दर्शकों को अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का सीरियल किलर रूप देखने को मिल है। इस फिल्म की शूटिंग वाराणसी और दुबई में भव्य पैमाने पर की गई है। निर्माता रत्नाकर कुमार ने बताया कि लॉटरी का ट्रेलर दर्शकों को बहुत ही ज्यादा पसंद आया है, जिसके लिए हमें सोशल मीडिया पर अच्छी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वही आप जब कोई अच्छा सिनेमा दर्शकों के सामने पेश करते हैं। तो हर कोई उसकी प्रशंसा करता है। यही लॉटरी के साथ हो रहा है। इसका ट्रेलर ने दर्शकों अपनी ओर खींचा है। आप सब के इस प्यार के लिए धन्यवाद।

माही श्रीवास्तव ने कहा कि लॉटरी का ट्रेलर देखने के बाद लोग मुझसे इसकी रिलीज डेट के बारे में पूछ रहे हैं कि ये फिल्म कब रिलीज होगी।अब इस सवाल का जवाब तो मैं नहीं दे सकती हूं। लेकिन इस बात का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि फ़िल्म ने लोगों के मन एक्ससाइटमेंट पैदा कर दी है। ट्रेलर को अब तक 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके है। जिसके लिए मैं दर्शकों का तहेदिल से शुक्रिया अदा करती हूं।

निर्देशक धीरू यादव ने कहा कि फिल्म लॉटरी दर्शकों पर अपनी एक अमित छाप छोड़ने में कामयाब होने वाली है। क्योंकि इसका फिल्मांकन बहुत ही उच्च कोटि का हुआ है। इसके ट्रेलर को मिले रिस्पांस से में बहुत खुश हूं। वर्ल्डवाइड चैनल और जितेंद्र गुलाटी के बैनर तले बन रही निर्माणाधीन फिल्म लॉटरी के निर्माता रत्नाकर कुमार, सह निर्माता निवेदिता कुमार, निर्देशक धीरू यादव, स्पेशल धन्यवाद कुलदीप श्रीवास्तव, राइटर धर्मेंद्र सिंह, म्यूजिक शाहिद खान और धीरू यादव, लिरिक्स राजेश मिश्रा, डीओपी समीर सय्यद, राजन वर्मा, प्रिंस कुमार सिंह,एडिटर सनी सिंह, बैक ग्राउंड म्यूजिक डीजे भरली,मिक्सिंग इंजीनियर सरोज शर्मा, डीआई निमेष चौधरी, एक्शन इकबाल सुलेमान का है। इस फिल्म में माही श्रीवास्तव, अनिल रस्तोगी, संजय पांडे, विनीत विशाल, सुकेश आनंद, संदीप यादव, काजल त्रिपाठी, महेश आचार्य, सोनाली मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, राव रणविजय, ओमी कश्यप, सीमा मोदी, बृजमोहन यादव, योगेश पांडेय, सोनू कुमार सहित कई कलाकार हैं।

# 'देसी गर्ल' बनी 'चांदनी'

मुंबई/एजेन्सी



'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा जोनस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं और अक्सर शानदार झलकियां फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। इस बीच प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह आल्प्स की बर्फ से ढकी पहाड़ियों में घूमती नजर आ रही हैं। प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी सेक्शन पर वीडियो साझा किया है, जिसमें वह एक लंबी जैकेट के साथ नीले रंग की बॉडी हगिंग ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। साझा किए गए वीडियो के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा 'क्रेन्स मोंटाना, आल्प्स, स्विटजरलैंड में अपने बॉलीवुड सपने को जी रही हूं'। वीडियो क्लिप में प्रियंका ने 'चांदनी ओ मेरी चांदनी' गाना भी जोड़ा है। यह गाना फिल्म 'चांदनी' का है, जो साल 1989 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में श्रीदेवी और ऋषि कपूर मुख्य भूमिका में थे। इसके अलावा प्रियंका ने स्विस आल्प्स में अपने विज्ञापन शूट की कई तस्वीरें भी शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह नीले रंग की बॉडी हगिंग ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में वह अपनी खिड़की के पास बैठकर बर्फीले नजारे का आनंद ले रही हैं। एक और वीडियो है, जिसमें वह अपने विज्ञापन की शूटिंग करते हुए बर्फीले तूफानों के बीच नजर आ रही हैं। अपनी तस्वीरों और वीडियो के साथ उन्होंने एक टेक्स्ट नोट भी जोड़ा, जिसमें लिखा है 'स्विटजरलैंड में मेरे कैंपेन शूट से बस एक छोटा सा बीटीएस, असली बर्फीले तूफान के बीच, लेकिन हमने जो मजा किया वो बहुत मजेदार था।' इस बीच प्रियंका ने फ्रैंक फ्लॉवर द्वारा निर्देशित 'द ब्लफ' की शूटिंग पूरी कर ली है। इसके अलावा वह 'सिटाडेल सीजन-2' पर भी काम कर रही हैं। प्रियंका चोपड़ा के प्रोडक्शन वेंचर 'पानी' को भी बहुत जल्द सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। यह पर्यावरण के मुद्दों पर आधारित एक मराठी फिल्म है। प्रियंका चोपड़ा कुछ महीने पहले अपनी फिल्म 'पानी' का ट्रेलर लॉन्च करने के लिए भारत आई थीं। प्रियंका ने तमिल फिल्म 'तमिजान' से अपने अभिनय की शुरुआत की थी। बाद में उन्होंने 'द हीरो-लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई' से बॉलीवुड में कदम रखा था। उन्होंने फिल्म 'अंदाज' से अपने अभिनय कौशल को साबित किया, जिसमें वह लारा दत्ता, अक्षय कुमार के साथ लीड रोल में थीं। इसके साथ ही वह 'एतराज' में अक्षय कुमार और करीना कपूर के साथ निगेटिव रोल में नजर आई थीं। फिल्म में प्रियंका की एक्टिंग को काफी सराहा गया था।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

परमात्मा ने आत्म तत्व को प्रकट करने के लिए जो मार्ग अपनाया, वह अति कठिन था। आज दूसरों की प्रशंसा करना कठिन है लेकिन स्वयं की प्रशंसा करना उतना ही सरल है। परमात्मा ने तप साधना की लेकिन अपने समीप रहे। जो धर्म में स्थिर हैं, मोक्ष पाना चाहता है, ऐसे मनुष्य को इससे बढ़कर त्याग करना कोई बाधा नहीं है। जो वीतरागी है, उनके भीतर चैतन्य रहता है। इस प्रकार आर-पार के संसार को जानकर सबसे सुरक्षित कर लिया।

# ‘ज्ञान का मार्ग उपाध्याय से प्रशस्त होता है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**चेन्नई।** यहां के एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुर्मासार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी के सान्निध्य में गुरुवार को नवपद के चौथे, उपाध्याय पद के गुणों की व्याख्या, आराधना काउसग्ग मुद्रा में ध्यान के माध्यम से हुई। जहां आचार्य जिनशासन के राजा हैं, वहीं उपाध्याय युवराज के रूप में धर्मधारा का संचालन करते हैं। ज्ञान का मार्ग उपाध्याय से प्रशस्त होता है। उपाध्याय का वर्ण हरा है और उनके गुण 25 होते हैं।

नमो उवज्झायाणं की आराधना और व्याख्या करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि उपाध्याय अपने गुरुदेव के निर्देशानुसार अपनी समझ को विकसित करते हैं। वे गुरु से ज्ञान का अक्षय कोष प्राप्त करते हैं। वे ज्ञान के भंडार है, जो हमारे तीर्थंकरों के पश्चात् तीर्थंकरों के भावों को जानकर गणधरों ने शब्दों में पिरोया और श्रुत परंपरा से हम तक पहुंचाया। हे उपाध्याय भगवंत! आपने वह गुरु से विनय भाव से प्राप्त किया।

उन्होंने कहा विनय के बिना ज्ञान प्राप्त नहीं होता। बिना विनय के लिया कोई भी पाठ ज्ञान के रूप में परिवर्तित नहीं होता। हे उपाध्याय भगवंत! आपकी वह विनयशीलता, समर्पणता, पात्रता, योग्यता को नमन, वंदन है। जिसने उन 12 अंगों को, जो रत्न पेटी के समान है, गुरु से ग्रहण किया। मात्र ग्रहण ही नहीं किया बल्कि अपने अन्तर में सुरक्षित कर लिया। चित्त की एकाग्रता से निरंतर उसी में लगे रहे और जिस श्रुत को आपने आत्मसात किया। आपकी उस धारणा को शत् शत् नमन। आपकी उस वांचना को शत् शत् नमन, जिसने श्रुत प्रकाश को विकसित किया। आपकी वह अद्भुत धारणा व अध्ययन क्षमता है। आपके द्वारा दिया गया प्रत्येक शब्द पूर्णतः सत्य है। आपके द्वारा दिया गया वह पाठ, समझाया गया अर्थ और उसके भावों को जानकर, समझकर इस संसार से अनंत आत्माओं को तिराने का पुरुषार्थ किया। नमन है आपके उपकार को।

उन्होंने आगे कहा आप न होते तो इस जिनवाणी को आज तक हम तक कौन पहुंचाता। आपका उपकार है कि हमारे अज्ञान को दूर करने वाली, अनादिकाल के मिथ्यात्व को दूर करने वाली जिनवाणी को उपलब्ध कराकर हमें समझाया, उसे आत्मसात करने की विधि दी। साधना, धारणा से आपने अनंत- अनंत उपकार किए। जो ज्ञान को कभी हमने पहचाना ही नहीं, उसे स्मरण में सुरक्षित कर लिया। यदि विस्मृति आई तो आपने पुनरावृतन करा लिया। उस त्रुटि को भीतर से निकाल दिया। हे उपाध्याय भगवंत! आपका ऐसा अतिशय, प्रभाव, जिसे आपने एक बार समझा दिया, वह भीतर जम गया। ऐसे ज्ञानदाता, धर्मदाता को उपाध्याय की संज्ञा दी जाती है। नवपद के चौथे पद पर आरुढ उपाध्याय पद, जिन्होंने संयम जीवन में ज्ञान को लक्ष्य बनाया। जिन्होंने परमात्मा के मार्ग पर औरों को चलने की प्रेरणा दी। हे उपाध्याय भगवंत! आपके ये अनंत उपकार मेरे जीवन में भी ज्ञान का अहोभाव जताए। मैं आज भटक रहा हूं। मन को लुभाने वाले आकर्षण में मेरा जीवन बीत रहा है। मैं भी अपने जीवन के कुछ पल ज्ञान साधना में हूं, श्रुत आराधना में हूं, ऐसा यह ज्ञान के दान का कार्यक्रम, वांचना, पृच्छना, धर्मकथा आदि के रूप में चलने वाले ज्ञान का पुरुषार्थ किया।

उन्होंने कहा हमारी अप्रमत्त दशा जागृत हो। प्रमादपूर्वक ज्ञान हासिल नहीं हो सकता और ज्ञान हासिल करने वाला प्रमाद नहीं करता। वही ज्ञान की साधना करने का सच्चा साधक है। उन्होंने कहा नमो उवज्झायाणं का चिंतन आप सभी को जीवन में आनंद देने वाला है। जीवन को समृद्ध बनाने वाला है। भौतिक समृद्धि में हर जगह अभाव रहता है। ज्ञान द्वारा आत्मिक समृद्धि बढ़ती है। हम अप्रमत्त बनकर ज्ञान साधना में आगे बढ़ें।

इस मौके पर 7 वर्षीय ध्रुव जैन ने नवपद की आराधना करते हुए 8 आयंबिल और एक उपवास की साधना की। वर्धमान स्थानकवासी जैन महासंघ तमिलनाडु के अध्यक्ष सुरेश लुनावत व वरिष्ठ श्रावकों ने उनका अनुमोदनार्थ सम्मान किया। वरिष्ठ सुश्राविका कांताबाई गडवानी ने चातुर्मास की पांचवीं अठाई तप करते हुए 9 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किया। धर्मसभा में बड़ी संख्या में साधकों ने आयंबिल और उपवास के पचक्खाण लिए।

इस दौरान मनमाड़, पूना, सूरत आदि क्षेत्रों से गुरुभक्तगण युवाचार्यश्री के दर्शनार्थ व वंदनार्थ उपस्थित हुए। आगामी 19 अक्टूबर को एएमकेएम में युवाचार्यश्री की निश्रा में साध्वी जिव्याश्रीजी की बड़ी दीक्षा संपन्न होगी। उसी दिन उत्तराध्ययन सूत्र पर प्रवचन प्रारंभ होंगे। राकेश विनायकिया ने सभा का संचालन किया।

## गुरु दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के जिनकुशलसूरी सामायिक मंडल बसवनगुड़ी की सदस्याओं ने शरद पूर्णिमा के अवसर पर बसवनगुड़ी आराधना भवन में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी श्री प्रियस्वर्णांजनाश्री म.सा के दर्शन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



# जीतो नॉर्थ चैप्टर ने आगामी दो वर्षीय कार्यक्रमों के लिए किया चिंतन-मंथन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर नॉर्थ के नए चेयरमैन विमल कटारिया की अध्यक्षता में आगामी दो वर्षीय कार्यकाल के लिए कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु विचार मंथन का आयोजन रिसोर्ट में किया गया। प्रथम सत्र में प्रबंध कमेटी ने आने वाले दो वर्ष के कार्यक्रम की रूपरेखा व अन्य सभी पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र की रिपोर्ट पेश की गई। सही दिशा में सभी कार्यक्रम हो इस पर गहन चर्चा -परिचर्चा हुई। नए चेयरमैन विमल कटारिया ने उपस्थित सभी जनों को प्रोत्साहित करते हुए उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि हम सबको शिक्षा, सेवा और आर्थिक सुदृढ़ता को ध्यान में रखते हुए हर कार्य को आगे बढ़ाना है।

सभी को अपने-अपने पोर्टफोलियो के अन्तर्गत अच्छा प्रदर्शन देना है। नवमनोनीत महामंत्री विजय सिंघवी ने जीतो की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सुचारु व सिस्टम से कार्य करने पर जोर दिया। सांयकालीन सत्र में केकेजी टीम के नव निर्वाचित चेयरमैन प्रवीण बाफ़ना ने साउथ व नॉर्थ दोनों चैप्टर को साथ-साथ में कार्य करते हुए समाज के समक्ष एक नई मिसाल कायम करने हेतु प्रेरणा दी। केकेजी जोन के महामंत्री दिलीप जैन ने पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ मर्यादा के साथ आचार संहिता का पालन कार्य करने हेतु आह्वान किया।

और सटीक जानकारी दी। पूर्व चेयरमैन इंदरचंद बोहरा ने बताया की इस नए चैप्टर ने मात्र 2 साल पूरे किए है और सफलता के शिखर को छुआ है इसे और आगे बढ़ाना है। पूर्व महामंत्री सुधीर गादीया ने नई कमिटी को शुभकामनाएं दी। दो दिवसीय सत्र का स्वागत अध्यक्ष विमल कटारिया, धन्यवाद पंकज जैन एवं संचालन महामंत्री विजय सिंघवी ने किया।



# मन्त्र साधना से मिलती आत्मिक प्रसन्नता : साध्वी डॉ गवेषणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। आचार्य श्री महाश्रमणजी की विदुषी शिष्या साध्वी डॉ गवेषणाश्रीजी ने शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर जैन तेरापंथ नगर, माधावरम्, चेन्नई में लोगस्स कल्प का अनुष्ठान कराते हुए कहा कि लोगस्स शक्ति जागरण का एक महत्वपूर्ण और शक्तिशाली प्रयोग है। यह अत्यधिक गंभीर और अनेक उत्तम गुणों से युक्त स्तोत्र है। इस पाठ में चौबीस तीर्थकरों की स्तुति की गई है। जिनकी स्तवना से सहज ही कर्मों की निर्जरा होती है और पवित्रता का विकास होता है। साधक इस लोगस्स की साधना से अपनी आत्मा का उत्कर्ष करते हैं। साध्वीश्री ने आगे कहा कि इस मंत्र साधना के प्रयोग के अंतर्गत भावशुद्धि, लेश्या विशुद्धि और आत्मिक प्रसन्नता की अनुभूति होती है।

साध्वी श्री मयंकप्रभाजी ने कहा कि वैदिक संस्कृति के अनुसार आज चंद्रमा 16 कलाओं से युक्त होता है। अनेक भाई-बहन चन्द्रमा के प्रकाश के नीचे सुई पिरोना, कुछ वाचन करना आदि अनेक क्रियाएं करते हैं। जैन दर्शन की मान्यतानुसार जैसे कमल सूर्य की प्रथम किरण से खिल जाता है, वैसे ही वीतराग आत्माओं के गुणानुवाद से सुख की प्राप्ति होती है। इस कल्प अनुष्ठान में अनेक भाई-बहनों ने भाग लिया। साध्वी श्री दक्षप्रभाजी की भी उपस्थिति रही। साध्वी श्री मेरुप्रभाजी की चिकित्सकीय सेवाओं में प्रदत्त अनुकरणीय योगदान के लिए मेघराज वेद एवं कविता वेद का और साध्वी श्री मयंकप्रभाजी के संसार पक्षीय परिवार शहादा से पधारे हुए मेहमानों का तेरापंथ माधावरम ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया।

# रेल पहिया कारखाना ने नए महाप्रबंधक बने चन्द्रवीर रमन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। चन्द्रवीर रमन ने रेल पहिया कारखाना ने नए महाप्रबंधक के रूप में पदभार संभाल लिया है। चन्द्रवीर रमन भारतीय रेलवे सर्विस के 1986 बैंच के हैं। उन्होंने आरडब्ल्यूएफ के निवर्तमान महाप्रबंध आर राजगोपाल जिन्हें रेलवे वोर्ड में मानवसंसंसाधन के निदेशक बनाया गया है से पदभार ग्रहण किया। चन्द्रवीर रमन को भारतीय रेलवे में 36 वर्षों के कार्य का अनुभव है और वे प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक, प्रधान कार्यकारी निदेशक, मुख्य मटेरियल प्रबंधक आदि अनेक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके है। आईआईटी खडगपुर से बीटेक की शिक्षा प्राप्त की है ।

# भोजानी फिर बने खागा के अध्यक्ष और बालर बने सचिव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक होजरी एवं गारमेंट एसोसिएशन(खागा) के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों की पूर्वी प्लाजा कार्यालय में बैठक हुई जिसमें एक बार फिर सर्वसम्मत्ति से दो वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष प्रकाश भोजानी, उपाध्यक्ष पीएच राजपुरोहित, नरपतसिंह राजपुरोहित, राजेश खैरा सचिव कैलाश बालर, संयुक्त सचिव बिशनसिंह विराणा, जोगसिह पुरोहित, विकास जैन कोषाध्यक्ष जोगेश जैन को बनाया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना अपना परिचय दिया।



# ‘भारत को भारत ही बोलें, नॉट इंडिया’ गीत का विमोचन

## आनंद फिल्म के बैनर के तले फिल्माए इस गीत में महेन्द्र मुणोत ने निभाई मुख्य भूमिका

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। भारतीयों के स्वाभिमान को जगाने के उद्देश्य से ‘मैं भारत हूं फाउंडेशन’ द्वारा भारत के इतिहास में पहली बार विभिन्न 22 भारतीय भाषाओं में ‘भारत नाम सम्मान, भारत ही भारत, नॉट इंडिया’ गीत को बनाया गया है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया जाएगा। मैं भारत हूं फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार बिजयकुमार जैन एक दशक से ‘भारत को भारत ही बोले, नॉट इंडिया’ अभियान का संचालन कर जनसामान्य को अपने देश को भारत बोलने और भारत बोलने पर गर्व महसूस करने व करवाने का प्रयास कर रहे है।

भारत को भारत ही बोले, नॉट इंडिया’ अभियान को गति देने के उद्देश्य से बेंगलूरु के जाने माने समाजसेवी महेन्द्र मुणोत ने इस गौरव गीत का फिल्माकंन कर अभियान द्वारा जन सामान्य को जागृत कर रहे हैं। इस गीत की लेखिका लता हया है जिसे हिन्दी भाषा में रुपांतरण अरुण मुंद्रा हॉस्टन ने किया है। इस गीत का फिल्मांकन शहर के आनंद सिनेमा के बैनर तले हुआ है जिसमें मुख्य भूमिका में महेन्द्र मुणोत व कोमल विवेक पितलिया है। महेन्द्र मुणोत भी एक सच्चे देशभक्त के साथ साथ मंझे हुए कलाकार है, जिन्होंने अपने कला का बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। महेन्द्र मुणोत भी हिन्दी और कन्नड़ भाषा में देश भक्ति के लिए धाराप्रवाह भाषण देते है और यह ‘भारत को भारत ही बोले, नॉट इंडिया’ गीत उनके व्यक्तित्व को पूरा करता हुआ दिख रहा है। बेंगलूरु के विभिन्न स्कूलों व कार्यक्रमों में फिल्माया गए इस गीत में मुणोत के अलावा उनके परिवार जन भी दर्शित है। इस गीत को संगीत निर्देशक दिलीप सेन ने संगीत दिया है और गायक मोहम्मद सलामत, गायिका रेखा राव एवं अर्चना जैन ने आवाज दी है। बीपी हरिहरन द्वारा निर्देशित इस गीत को गत दिनों बेंगलूरु पैलेस सभागार में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान रिलीज किया गया।

गीत को देखकर उपस्थित जनों ने देशभक्ति की जज्बे की सराहना करते हुए महेन्द्र मुणोत की प्रतिभा को सराहा। इस मौके कर पर मुणोत ने उपस्थित सभी जनों से निवेदन किया कि इस गीत को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं और अपने विभिन्न कार्यक्रमों में इसका प्रदर्शन करे ताकि हम भारत को भारत ही बोले और दूसरों को भी भारत ही बोलने के लिए प्रेरित करे।

# भाजपा ने सरकार पर 100 करोड़ रुपये के दाल खरीद घोटाले का आरोप लगाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। तमिलनाडु भाजपा के प्रवक्ता एएनएस प्रसाद ने दीवाली के लिए सरकार पर दाल खरीदने के मामले में 100 करोड़ रुपए का घोटाले का आरोप लगाया है। उन्होंने राशन की दुकानों में दालों और पाम ऑयल की भारी कमी का हवाला दिया है। उन्होंने विज्ञप्ति में बताया कि खाद्य और आपूर्ति मंत्री आर. सक्करपानी द्वारा पर्याप्त आपूर्ति के आश्वासन के बावजूद, दालों की आपूर्ति में देरी के कारण लोग निराश हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु नागरिक आपूर्ति निगम ने 10 सितंबर को निविदाएं आमंत्रित कीं, लेकिन पांच कंपनियों को 131 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से ठेके दे दिए, जिससे कम से कम 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। भाजपा मांग करती है कि मुख्यमंत्री जांच करें और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें।

मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र कोलाथुर में भी दाल की कमी बनी हुई है। राशन की दुकान सीबी 047 में तूर दाल का स्टॉक नहीं है, जो मंत्री सक्करपानी के पर्याप्त आपूर्ति के दावों का खंडन करता है।

पांच कम्पनियों को 20 हजार मैट्रिक टन दाल की आपूर्ति करनी थी लेकिन अब तक केवल 4,000 मीट्रिक टन की आपूर्ति की गई है, जबकि अनुबंध में 16 अक्टूबर तक डिलीवरी की आवश्यकता है। ठेकेदार कथित तौर पर अपर्याप्त स्टॉक के बावजूद 131 रुपये में कम कीमत वाली दालों की आपूर्ति करके अधिकतम लाभ कमाने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा तमिलनाडु सरकार से आग्रह करती है कि वह कमी को दूर करे, घोटाले की जांच करे और जनता को गुणवत्तापूर्ण तुअर दाल की आपूर्ति सुनिश्चित करे।



# सिसोदिया परिवार द्वारा आयोजित गुरु दर्शन यात्रा संघ में साध्वी कुमुदलता के किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के रमेशचन्द सिसोदिया परिवार की ओर से गुरु दर्शन यात्रा संघ का आयोजन किया और संघ यात्रियों ने मुम्बई जाकर साध्वीश्री कुमुदलताजी आदि ने दर्शन किए। इस मौके पर साध्वीश्री कुमुदलताजी ने कहा कि देव, गुरु, धर्म के प्रति सच्ची श्रद्धा जिसके हृदय में होती है, उस पर परमात्मा की कृपा अवश्य होती है। सच्ची श्रद्धा को शास्त्रों में मोक्ष का मार्ग कहा गया है। साध्वीश्री ने गुरु दर्शन यात्रा संघ के आयोजनकर्ता रमेशचंद सिसोदिया की गुरु भक्ति की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रकृष्ट श्रद्धा एवं उदारता के कारण ही उनको ‘लक्ष्मीपुत्र’ अलंकरण मिला है। इस अवसर पर डोंबिवली मुंबई संघ के अध्यक्ष बसंतीलाल चपलोत आदि ने रमेशचन्द पवन, रूपेश सिसोदिया परिवार के सम्मान किया।

इस मौके सुरेन्द्र आंचलिया, अशोक जैन, रणजीतमल कानूंगा, राजेंद्रप्रसाद कोठारी, प्रकाशचंद बुरड़ किरणचंद बोहरा सहित अनेक संघों के सदस्य यात्रा संघ में शामिल हुए। यात्रा संघ की व्यवस्था में त्यागराजनगर युवा संघ की सराहनीय सेवाएं रही।

# ‘तीर्थंकर महावीर ने चारित्र धर्म की देशना दी है’

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग में विराजित श्री शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने जम्बू दीप प्रज्ञप्ति पर गोष्ठी और चर्चा में संबोधन करते हुए कहा कि उसभनाथ या वृषभनाथ नाम लौकिक व्यवहार में आदि नाथ नाम से ज्यादा रूप में प्रचलित है। जिस प्रकार अनउपजाऊ जमीन को खेती लायक बनाने में बहुत समय और शक्ति लगानी पड़ती है, ठीक उसी प्रकार आदिनाथ भगवान ने अपनी प्रजा को व्यवहार धर्म-सामायिक-सामाजिक मर्यादाओं को समझाया, असि-मसि-कृषि ये तीनों कर्म भी उन्होंने जनता को सिखाए।

इस भरत क्षेत्र के मानव समाज के प्रथम संस्कार-व्यवहार और धर्मदाता आदिनाथ राजा ही थे। वे 83 लाख पूर्व तक मानव समाज कल्याण के लिए अपना सारा समय लगा दिया था। आदिनाथ भगवान आज भी जैनों के तो प्रिय है, विश्व के प्रथम ऋषिमुनि भी आदिनाथ ही थे, जिन्होने संयम लेने के बाद एक वर्ष तक तपस्या करी, तीर्थकर बनकर चारित्र धर्म की देशना और फिर चतुर्विध संघ की स्थापना की। उनके ज्येष्ठ पुत्र भरत थे, जो प्रथम चक्रवर्ती बने आज भारत वर्ष का नाम ’भरत’ के नाम पर ही पड़ा। आदिनाथ भगवान प्रथम राजा, प्रथम मुनि, प्रथम चारित्र, धारक और प्रथम तीर्थकर थे। संघ प्रवक्ता प्रसन्नचंद मांडोत ने सभी का स्वागत किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.